


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 239

ग्वालियर, गुरुवार 19 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## माता वैष्णो देवी के पास जंगल में लगी आग, बंद किया गया यात्रा का नया मार्ग



**श्रीनगर।** माता वैष्णो देवी मंदिर के पास जंगलों में आग लग गई है। इसको ध्यान में रखते हुए माता वैष्णो देवी यात्रा का नया रूट फिलहाल सावधानी बरतते हुए बंद कर दिया गया है। हालांकि, पुराने रूट से यात्रा पहले की तरह जारी है। जानकारी के मुताबिक, त्रिकुटा हिल्स के जंगलों में आग लगी है। इस वजह से बैटरी कार सर्विस वाला रूट बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार शाम को सांझी छत हेलीपैड के पास वाले इलाके में आग लगी थी। फिलहाल नए रास्ते के साथ-साथ हेलीकॉप्टर सर्विस भी बंद है। त्रिकुटा हिल्स में तेज हवाओं और कम दृश्यता की वजह से सावधानी बरतते हुए यह फैसला लिया गया है। कोरोना काल के बाद पाबंदियां अब हट चुकी हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब माता वैष्णो देवी मंदिर दर्शन को भी जा रहे हैं। इस बीच बीते 13 मई को श्रद्धालुओं से भरी बस हादसे का शिकार हो गई थी। यह बस जम्मू से कटरा जा रही थी। वैष्णो देवी मंदिर जा रही इस बस में आग लग गई थी। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई थी वहीं 20 लोग जख्मी हुए थे। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है। देखा जा रहा है कि कहीं इस हादसे के पीछे कोई आतंकी साजिश तो नहीं थी।



# शिवलिंग की नाप, दीवार तोड़कर तहखाने का निरीक्षण पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग की नाप/दीवार तोड़कर तहखाने का निरीक्षण और मछली सुरक्षा के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई बुधवार को ही होनी थी, लेकिन अब इन दोनों प्रार्थना पत्रों पर गुरुवार को होगी सुनवाई। वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते बुधवार को सुनवाई स्थगित कर दी गई।

ज्ञानवापी शृंगार गौरी प्रकरण में मुकदमे की वादी रेखा पाठक, मंजू व्यास, सीता साहू ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर तहखानों में रखे मलबे व कमरानुमा संरचना की दीवार हटाकर सर्वे की मांग की है। अदालत ने इस पर सुनवाई के लिए 18 मई की तारीख तय की है। वहीं शासकीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद पांडेय की ओर से दायर प्रार्थना पत्र, जिसमें उन्होंने सील किए गए वजूखाने में मौजूद मछलियों को सुरक्षित स्थानांतरित करने सहित अन्य मांग की है। ज्ञानवापी शृंगार गौरी प्रकरण में वादी रेखा पाठक, मंजू व्यास, सीता साहू ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है। इनके अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि 16 मई को एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही के दौरान मस्जिद परिसर में शिवलिंग मिला है उसके पूरब तरफ दीवार में दरवाजा है। इस ईंट-पत्थर व सीमेंट से जोड़ाई कर बंद कर दिया गया है। नंदी के मुंह की तरफ जो तहखाना है उसमें मलबा पड़ा हुआ है। इसके उत्तर में दीवार खड़ा करके शिवलिंग को ढंकते हुए सीमेंट से जोड़ दिया गया है। यह भी कहा कि बैरिकेडिंग के अंदर पश्चिम दीवार पर दरवाजे को ईंट-पत्थर सीमेंट से बंद कर दिया गया है। उन्होंने मांग किया कि दीवार व मलबे को हटाकर एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही करते हुए शिवलिंग की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई के बाबत रिपोर्ट मंगाई जाए। जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) पांडेय ने इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया कि न्यायालय के आदेश पर कार्यवाही कर विवादित स्थल और नौ जालीदार दरवाजों को सील करके चाबी कोषागार में जमा कर दी गई है।

### शिवलिंग से जुड़ी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर सपा नेता मोहसिन अंसारी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** काशी के ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग मिलने के बाद सोशल मीडिया पर अशोभनीय और धार्मिक भावनाओं को आहत करने से जुड़ी कई पोस्ट शेयर की जा रही हैं। इस बीच मुजफ्फरनगर जिले में समाजवादी पार्टी के नेता मोहसिन अंसारी ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक विवादित पोस्ट किया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर सपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। मोहसिन अंसारी पर आरोप है कि उन्होंने अपने फेसबुक पर लीची को आधा काटकर उसके बीज को कथित तौर से शिवलिंग के रूप में पोस्ट किया, जिसके बाद पोस्ट पर कई प्रकार की अशोभनीय धार्मिक टिप्पणी की गई। उनकी पोस्ट के बाद पुलिस तक शिकायत पहुंची कि उन्होंने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया है, जिसके बाद कार्रवाई हुई। इस मामले में सीओ सिटी कुलदीप कुमार ने बताया कि मोहसिन नाम के शख्स ने ऐसी पोस्ट की थी, जिस पर धार्मिक कॉमेंट किए गए थे। इससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा पैदा हो सकता था। उन्होंने बताया कि सपा नेता पर धारा 153ए और सूचना प्रौधिगिकी संसोधन अधिनियम 2000 की धारा 67 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भारी बारिश से कई इलाकों में पारी भरा, जनजीवन अस्त-व्यस्त, रेड अलर्ट जारी



**बेंगलुरु।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बेंगलुरु में अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना जताई है। हालाकि मंगलवार देर रात को हुई बारिश से बेंगलुरु में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आईएमडी ने बुधवार को कर्नाटक के तटीय जिलों और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आज बेंगलुरु में बूंदाबांदी हुई है। बेंगलुरु केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईएएल) राजमार्ग पर ट्रैफिक जाम के कारण दो घंटे से अधिक समय तक वाहन सड़कों पर फंसे रहे। आरआर नगर के जनप्रिय लेआउट और बेंगलुरु के कई अन्य इलाकों में घरों में नाली का पानी भर गया है। वहीं, छह महीने पहले बनी 20 फीट ऊंची परिसर की दीवार भी लगातार बारिश के बाद गिर गई। बेंगलुरु में भारी बारिश से कई मुख्य सड़कों पर पेड़ उखड़ गए, जिससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण, चामराजनगर, चिक्कबल्लापुर, चिक्कमगलूर, चित्रदुर्ग, दावणगेरे, हासन, कोडागु, कोलार, मांड्या, मैसूर, रामनगर, शिवमोग्गा और तुमकुरु जिलों के लिए गुरुवार और शुक्रवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



## स्कूल की लड़कियों की लड़ाई का वीडियो वायरल, चले थप्पड़, लात-घूंसे और डंडे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से वायरल एक वीडियो में स्कूल यूनिफॉर्म में लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल के सामने एक-दूसरे पर हमला कर रहा है। आधिकारिक तौर पर वीडियो की पुष्टी नहीं हुई है, लेकिन इंटरनेट पर यह क्लिप खूब देखी जा रही है। यह पता नहीं चल पाया है कि घटना कब हुई, और ना ही लड़ाई की वजह सामने नहीं आई है। छात्राओं की वर्दी देखकर सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि लड़ाई दो स्कूल के छात्रों के बीच हुई। इनमें से एक बेंगलुरु का बिशप कॉटन गर्ल्स स्कूल है। वीडियो 42 सेकंड्स का है जिसमें लड़कियों को एक दूसरे को थप्पड़ मारते, बाल खींचते और एक लड़की को दूसरों को पीटने के लिए डंडा निकालते हुए देखा जा सकता है। मौके पर कुछ लड़के भी नजर आ रहे हैं, जो शायद बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। क्लिप में लड़ाई के दौरान लड़कियों की चीख-पुकार भी सुनी जा सकती है। अलग एंगल से फिल्माए गए एक वीडियो में दिख रहा है कि एक लड़की को कुछ चोटें भी आई हैं। इस लड़ाई में ना ही स्कूल अधिकारियों ने कोई हस्तक्षेप किया, और ना ही अबतक उनकी तरफ से कोई बयान जारी किया गया है।

## महंगाई ने लोगों का जीना किया बेहाल आरबीआई के झटके से हुआ बुरा हाल




**नई दिल्ली।** आपदा कोई भी हो उसका सबसे ज्यादा असर गरीबों और आम आदमी पर ही पड़ता है। पहले महामारी की आपदा ने संकट में डाला और अब महंगाई डायन भी 'आपदा' बनती जा रही है। खाने-पीने की चीजों के दाम बेतहाशा बढ़ने से गरीबों को पेट पालना भी मुश्किल होता जा रहा है। खबर के अनुसार, मुंबई के निवासी को अपने सात सदस्यीय परिवार को पालना अब मुश्किल होता जा रहा है। उसका कहना है कि पांच महीने पहले शुरू किया चाट का ठेला अब इसलिए बंद करना पड़ेगा, क्योंकि तेल, गैस के साथ खाने-पीने की अन्य वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ते जा रहे हैं। इसके बाद हमारे लिए पुरानी कीमत पर चाट की प्लेट बेचना मुमकिन नहीं रह गया है और लोग एक प्लेट की कीमत 5 रुपये बढ़ाने से भी पीछे हट रहे हैं। इतना ही नहीं ग्राहकों की संख्या में भी तेजी से कमी आ रही है और हमारा घर चलाना मुश्किल हो गया है। यह बात किसी से भी छिपी नहीं कि कोरोना महामारी के दौरान करोड़ों कामगारों और मजदूरों का रोजगार छिना था। इसके साथ ही खाने-पीने की वस्तुओं, मकान, हेल्थकेयर और ट्रांसपोर्ट की महंगाई भी 50 फीसदी बढ़ी है। पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधन की कीमतों में वृद्धि होने से लगभग सभी कमोडिटी महंगी हो गई हैं। इतना ही नहीं रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में महंगाई का जोखिम बढ़ रहा है। महंगाई से परेशान जनता को रिजर्व बैंक ने भी झटका दिया है। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में अपनी ब्याज दरें यानी रेपो रेट में 0.40 फीसदी की वृद्धि कर दी, जिससे सभी तरह के कर्ज महंगे हुए हैं। इसके बाद लोगों ने नया कर्ज लेना कम कर दिया जिससे खर्च भी घटने लगा। यानी रिजर्व बैंक ने महंगाई काबू में करने के लिए ब?याज दर बढ़ाई लेकिन इससे गरीबों की मुश्किल और बढ़ गई। जानकारों के अनुसार खर्च और खपत में कमी आई तो अर्थव्यवस्था दोबारा सुस्त पड़ेगी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के आंकड़ों के अनुसार, महामारी के दौरान करीब 70 लाख लोगों ने अपने रोजगार गंवा दिए थे।

## खास खबर

### सीएम का आरटीओ में छापा, अनुपस्थिति पर आरटीओ निलंबित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रातः राजपुर रोड स्थित आरटीओ कार्यालय पर छापा मारा। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पाया कि आरटीओ कार्यालय में आम जनता अपने वाहनों से संबंधित कार्यों के लिए सुबह 9 बजे से मौजूद थी, लेकिन कार्यालय में कुछ कर्मचारियों को छोड़कर आरटीओ के मुख्य अधिकारी दिनेश चंद्र पिठोई और काफी कर्मचारी सुबह के 10:30 होने के बावजूद मौजूद नहीं थे। कार्यालय के कर्मचारियों और अधिकारी की लापरवाही देखकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आरटीओ दिनेश चन्द्र पठोई को निलंबित करने के निर्देश दिये हैं। परिवहन सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी को निर्देश देते हुए कहा की जितने भी कर्मचारी समय होने के बावजूद उपस्थित नहीं हैं उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

### रूस की जीडीपी में 7.8 फीसदी की गिरावट का अनुमान

**मॉस्को।** रूस के आर्थिक विकास मंत्रालय ने कहा है कि उसे 2022 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की गिरावट का अनुमान है। मंत्रालय के एक प्रतिनिधि ने कहा कि अचल संपत्तियों में निवेश 19.4 प्रतिशत और खुदरा व्यापार कारोबार 8.7 प्रतिशत घट सकता है। मंत्रालय को उम्मीद है कि बेरोजगारी दर पिछले साल के 4.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो जाएगी और रूसियों की वास्तविक डिस्पोजेबल आय में 6.8 प्रतिशत की गिरावट आएगी। 2022 में मुद्रास्फीति बढ़कर 17.5 प्रतिशत हो सकती है, जो 2021 में 8.4 प्रतिशत थी।

### विश्व बैंक से मिले 16 करोड़ डॉलर से ईंधन खरीदने की कोशिश होगी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने संसद में कहा कि देश को विश्व बैंक से 16 करोड़ डॉलर की सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट के कारण देश में ईंधन और गैस की कमी होने और इसके खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन को देखकर इस आर्थिक सहायता में से कुछ हिस्सा ईंधन खरीदने के लिए उपयोग करने की संभावना तलाशी जा रही है। विक्रमसिंघे ने कहा, विश्व बैंक से 16 करोड़ डॉलर मिले हैं और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से भी अनुदान मिलने की उम्मीद है।''उन्होंने कहा कि विश्व बैंक से मिले धन का उपयोग ईंधन खरीदने के लिए नहीं किया जा सकता है। विक्रमसिंघे ने कहा, हालांकि हम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इसके कुछ हिस्से का उपयोग ईंधन खरीद के लिए हो सकता है। विक्रमसिंघे ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत से मिले कर्ज के तहत पेट्रोल की दो और खेप इस सप्ताह और 29 मई तक आने वाली हैं। ईंधन और गैस की कमी के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कई सड़कों को जाम किया।

### केरल में ट्रांसजेंडर मॉडल की मौत, अपार्टमेंट में लटकी मिली

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोच्चि शहर से एक ट्रांसजेंडर मॉडल शेरिन सेलिन मैथ्यू की मौत हो गई है। जांच में पता चला कि मॉडल कोच्चि में किराए के अपार्टमेंट में रहती थी और उसी अपार्टमेंट में वो लटकी थी। पुलिस ने मौत की जांच शुरू कर दी है और इस संबंध में कुछ दोस्तों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है। मॉडल शेरिन पिछले कुछ सालों से कोच्चि में रह रही थी, पर मॉडल अलाप्पुझा की रहने वाली थी।

## सांसद साक्षी महाराज का दावा, जहां जामा मस्जिद बनी, वहां भगवान विष्णु का मंदिर था

### हिंदू संगठनों ने जामा मस्जिद के सर्वे करने की मांग की

**नई दिल्ली।** देश में अलग-अलग मस्जिदों को लेकर फिलहाल विवाद चल रहा है। इन दिनों ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर विवाद सुर्खियों में है।वहीं ताजमहल और मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद का भी मुद्दा गर्म है। इस बीच दिल्ली स्थित जामा मस्जिद पर भी हिंदू संगठनों ने अपना हक जताना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, जामा मस्जिद का भी सर्वे कराने की मांग को लेकर हिंदू संगठन कोर्ट जाने की तैयारी में हैं। बता दें कि कोर्ट के आदेश के बाद ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे कराया गया था। सर्वे के बाद हिंदू पक्ष का दावा है कि ज्ञानवापी मस्जिद के कुएं में बड़ा शिवलिंग मिला है। फिलहाल मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस लेकर वाराणसी के प्रशासन को बड़ा आदेश भी दिया है। लेकिन कहीं ना कहीं मस्जिदों को लेकर लड़ाई अब



बड़ी होती जा रही है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के दूसरे धड़े के अध्यक्ष चक्रपाणि महाराज ने दावा किया है कि औरंगजेब ने सैकड़ों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को दबाकर यह मस्जिद बनवाई है। हालांकि इतिहास कहता है की जामा मस्जिद का निर्माण शाहजहां ने करवाया था। चक्रपाणि महाराज ने कोर्ट जाने की भी बात कर दी है। वहीं यूनाइटेड हिंदू फ्रंट अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने भी मस्जिद के नीचे मंदिर होने का दावा कर कहा है कि यहां देवी-देवताओं की मूर्तियों को दबाया गया है, उसका सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। जामा मस्जिद का निर्माण 1665 में हुआ था। इसके निर्माण में कुल 6 वर्ष का समय लगा था जबकि 10 लाख रुपए खर्च आया था। दूसरी ओर भाजपा के फायर ब्रांड नेता और लोकसभा सांसद साक्षी महाराज ने जामा मस्जिद को लेकर भी बड़ा दावा कर दिया है। उन्होंने साफ-साफ कहा कि जिस जगह पर जामा मस्जिद बनी है, वहां भी मंदिर था। साक्षी महाराज ने बता दिया कि यमुना किनारे भगवान विष्णु का मंदिर था।

## हर साल भीषण बाढ़ का दंश झेलने को मजबूर हैं असम



**गुवाहाटी।** असम में इन दिनों भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित है। लाखों लोग इस बार भी बाढ़ का दंश झेलने को मजबूर हैं। 20 जिलों के दो लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। वहीं असम के दिमा हसाओ जिला भूस्खलन के चलते राज्य से कट गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के मुताबिक अभी बाढ़ से लगभग 1,97,248 लोग प्रभावित हुए हैं। जिसमें होजई और कछार जिले के लोग सबसे ज्यादा बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। असम राज्य में हर साल बाढ़ आती है और लोगों के जीवन को अस्त-व्यस्त कर देती है। असम के लोगों के लिए बाढ़ एक वार्षिक घटना हो चुकी है। लगभग हर साल बाढ़ की तीन से चार लहरें असम के बाढ़ संभावित क्षेत्रों को तबाह कर देती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक असम सरकार द्वारा प्रकाशित जानकारी के अनुसार, राज्य में कुल 78.523 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 31.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बाढ़ ग्रसित हैं। जो कि राज्य का 39.58 प्रतिशत और पूरे देश का लगभग 9.40 प्रतिशत है। रिकॉर्ड के मुताबिक औसतन हर साल असम में 9.31 लाख हेक्टेयर बाढ़ के चपेट में आता है। इसके अलावा, अरुणाचल और मेघालय से आ रही नदियों के चलते भी असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है। वहीं बताया जाता हैं कि ब्रह्मपुत्र नदी के चलते होने वाला कटान भी भीषण बाढ़ का एक मुख्य कारण है। कटना होने पर निचले इलाकों में हर बार बाढ़ आने पर पानी ओवरफ्लो हो जाता है। असम सरकार की जानकारी के अनुसार, मेघालय में बादल फटने के चलते वर्ष 2004 और 2014 के दौरान असम के निचले हिस्से में बह रही सहायक नदियों में भारी बाढ़ आई थी। वहीं ब्रह्मपुत्र बोर्ड ने 1982 में नदी पर अपने मास्टर प्लान में सुझाव दिया था कि बाढ़ को कम करने के लिए बांध और जलाशय बनाए जाने चाहिए। हालांकि, बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लिए बांध एक मुश्किल समाधान रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरणविदों ने भी बांधों के निर्माण का विरोध किया है, क्योंकि इससे इकोलॉजिकल विस्थापन और विनाश हो सकता है। पिछले कुछ वर्षों में, सरकार ने कई बांध परियोजनाओं को निलंबित कर दिया है। इसके बाद सरकार ने नदियों पर तटबंध बनाने की कवायद शुरू की। हालांकि केवल तटबंध बनाना ही पर्याप्त नहीं है। कटाव को रोकने के लिए भी कदम उठाए जाने चाहिए और ये साथ-साथ होने चाहिए। नदियों के किनारों की सुरक्षा उपायों के बिना एक तटबंध के बह जाने का खतरा बना रहता है।वहीं सरकार ने ड्रेजिंग यानी कि नदी को और गहरा करने पर भी विचार किया है।

## हार्दिक पटेल ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा, कहा- कांग्रेस को गुजरातियों से नफरत



**अहमदाबाद।** पिछले काफी समय से कांग्रेस से नाराज चल रहे हार्दिक पटेल ने आखिरकार पार्टी से इस्तीफा दे दिया हार्दिक पटेल ने सोशल मीडिया पर एक पत्र लिखकर कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं हार्दिक पटेल ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर गुजरात और गुजरातियों से नफरत का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस नेताओं पर कड़े प्रहार किए हैं उन्होंने कहा कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता अपने स्वार्थ के लिए बिक गए हैं प्रदेश नेताओं को गुजरात की जनता की समस्या की कोई चिंता नहीं है उन्हें केवल दिल्ली से आनेवाले पार्टी नेताओं को समय पर चिकन सेन्डविच मिली है या नहीं इसकी चिंता ज्यादा है पिछले तीन साल में पता चला कि कांग्रेस केवल और केवल विरोध की राजनीति करने तक सिमट कर रह गई है जबकि देश के लोगों को एक ऐसे विकल्प की जरूरत है जो भविष्य पर विचार करे और उसे आगे ले जाने का प्रयास करे हार्दिक पटेल ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर हो, सीएए-एनआरसी हो, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना हो या फिर जीएसटी लागू करना हो, देश लंबे समय से इन मुद्दों का समाधान चाहता था7 कांग्रेस केवल इन मुद्दों के समाधान में व्यवधान करने काम करती रही है7 देश हो गुजरात प्रदेश हो या फिर मेरा पटेल समाज हो इन मुद्दों पर कांग्रेस का रुख केवल केन्द्र सरकार विरोध करना ही रहा है। देश के ज्यादातर से कांग्रेस के आउट होने का यही मुख्य कारण है7 कांग्रेस पार्टी और उसका नेतृत्व लोगों के समक्ष कभी अपना प्राथमिक रोडमेप पेश नहीं कर पाई।

## न्यूज़ ट्रैक....

### रहाणे आईपीएल से बाहर हुए

**मुम्बई।** बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे चोटिल होने के कारण आईपीएल सत्र से बाहर हो गये हैं। रहाणे के बाहर होने से उनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर असर पड़ने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि इस सत्र में रहाणे का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। के केकेआर टीम ने एक वीडियो संदेश के जरिए रहाणे के टूर्नामेंट से बाहर होने की जानकारी सार्वजनिक की। रहाणे को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए पिछले मैच में हैमस्ट्रिंग खिंचाव हुआ था। इसके बाद से ही वह मैदान से बाहर चले गये थे। इसके बाद उनका स्कैन भी कराया गया, जिसमें यह पता चला कि उनकी चोट गहरी है और उन्हें कुछ हफ्तों के लिए आराम करना पड़ेगा। वहीं रहाणे ने टीम से बाहर पर कहा कि केकेआर के साथ मेरा समय काफी अच्छा रहा। एक क्रिकेटर होने के नाते खेल और जिंदगी के बारे में काफी कुछ सीखा। सभी खिलाड़ियों, कोच और टीम प्रबंधन का आभार व्यक्त करता हूं। उम्मीद है कि हमारी टीम केकेआर प्लेऑफ में पहुंचे। इस सत्र में रहाणे ने 7 में केवल 19 की औसत से 133 रन ही बनाये हैं। रहाणे अब अपनी चोट से उबरने के लिए बैंगलोर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाएंगे। जहां उन्हें चार हफ्ते से अधिक के रिहैब की जरूरत होगी। रहाणे इस चोट के कारण भारत के इंग्लैंड दौरे से भी बाहर हो सकते हैं।

### सरफराज के 'स्कूप शॉट' को प्रशंसकों ने सराहा

मुम्बई (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल के 15वें सत्र में पंजाब किंग्स पर जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज सरफराज खान की प्रशंसकों ने जमकर तारीफ की है। सरफराज ने 16 गेंदों पर ही 200 के स्ट्राइक रेट से 32 रन बनाए थे। बल्लेबाजी के दौरान सरफराज ने एक 'स्कूप शॉट' खेला जिसे प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है। सोशल मीडिया पर भी इस शॉट की जमकर चर्चा हुई है। इस मैच में सरफराज ने मिचेल मार्श के साथ मिलकर 51 रन की साझेदारी की। मार्श 63 रन बनाकर आउट हुए। इस बल्लेबाज ने इस दौरान आईपीएल में अपने 500 रन भी पूरे किये। इस मैच में कैपिटल्स के लिए सरफराज को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजना लाभदायक रहा। सरफराज ने हरप्रीत बरार के ओवर में एक छक्का और उसके बाद लगातार दो चौके लगाये।

# सनराइजर्स की जीत के बाद चौथे स्थान के लिए मुकाबला रोमांचक हुआ

**मुम्बई ।** आईपीएल के 15 वें सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की मुम्बई इंडियंस पर जीत के साथ ही चौथे स्थान के लिए मुकाबला और कड़ा हो गया है हालांकि दौड़ में अभी सबसे आगे दिल्ली कैपिटल्स ही बनी हई है। मुम्बई पर मिली जीत के बाद सनराइजर्स की भी हल्की सी संभावनाएं बनी हुई हैं। ऐसे में अब एक स्थान के लिए चार टीमें दावेदार के तौर पर उभरी हैं पर मुख्य मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में हैं। इन दोनो के बीच होने वाले मैच की विजेता के ही अंतिम चार में जाने की सबसे ज्यादा उम्मीदें हैं। वहीं अंकतालिका पर नजर डाली जाए तो गुजरात टाइटंस की टीम 20 अंकों के साथ पहले स्थान पर होने के कारण सबसे पहले प्लेऑफ में पहुंच गयी है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स के 16 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर होने के कारण उसका भी प्लेऑफ में पहुंचना तय है जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम भी 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है , ऐसे में उसका भी



प्लेऑफ में पहुंचना तय है जबकि प्लेऑफ में पहुंचने के लिए चौथे स्थान के लिए दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टक्कर है। दिल्ली की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। उसका नेट रन भी अन्य टीमों से बेहतर है इसलिए उसके प्ले ऑफ में पहुंचने की सबसे ज्यादा उम्मीदें हैं। दूसरी ओर आरसीबी की टीम पांचवें स्थान पर है और अभी भी मुकाबले में बनी है। आरसीबी को अभी एक मैच खेलना बाकी है। अगर वह इस मैच में हारी तो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। वहीं प्लेऑफ के लिए उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज करने के साथ ही उम्मीद करनी होगी कि दिल्ली अपना आखिरी मैच हार जाए।

वैसे तो अंकतालिका में छठे स्थान पर रही कोलकाता नाइट राइडर्स के आगे जाने की कोई संभावन नहीं है पर अभी उसके रास्ते बंद नहीं हुए हैं। केकेआर प्लेऑफ में क्लालीफाई कर सकता है पर इसके लिए उसे लखनऊ सुपर जायंट्स को भारी अंतर से हराना होगा। इसके अलावा उम्मीद करनी होगी कि दिल्ली और चैलेंजर्स अपने-अपने

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत दौरे के लिए घोषित की टीम, बावुमा होंगे कप्तान

**जोहानिसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका ने अगले माह होने वाले भारत दौरे के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। दक्षिण अफ्रीकी टीम अपने इस दौरे में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी और इसके लिए टीम की कप्तानी तेम्बा बावुमा को सौंपी गयी है। इस टीम में युवा खिलाड़ी ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार शामिल किया गया है। इसके अलावा वायने पर्नेल की भी लंबे समय बाद टीम में वापसी हुई है। पर्नेल ने साल 2017 में पहली बार दक्षिण अफ्रीकी टी20 टीम की ओर से खेला था।

वहीं स्टब्स को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के टी20 चैलेंज में अच्छे प्रदर्शन के कारण शामिल किया गया है। उन्होंने सात पारियों में 293 रन बनाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 183.12 था। वह जिम्बाब्वे दौरे के लिये दक्षिण अफ्रीका की 'ए टीम में भी हिस्सा रहे थे जिसके बाद उन्हें आईपीएल के लिए मुंबई इंडियन्स ने अपनी टीम में जगह दी थी।

वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया तथा बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स और हेनरिक क्लासेन को भी टीम में शामिल किया गया है। नोर्किया अभी आईपीएल में खेले रहे हैं। दोनो देशों के बीच पांच मैचों की टी20 श्रृंखला नौ जून को नई दिल्ली में शुरू होगी। इसके बाद कटक में 12 जून, विशाखापत्तनम में 14 जून, राजकोट में 17 जून और बेंगलुरू में 19 जून को मैच खेले जाएंगे।

### दक्षिण अफ्रीका टीम

तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, वायने पर्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज़ शम्सी , ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वान डर डुसेन, मार्को यानसेन।

# सुपर जायंट्स व केकेआर के बीच आज होगा मुकाबला

**नवी मुंबई ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़े अंतर से हराकर अपनी आईपीएल प्लेऑफ की हल्की सी उम्मीदें बनाये रखने उतरेगी। वहीं दूसरी ओर लखनऊ का लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ में जगह बनाना ओर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना रहेगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। केकेआर ने अब तक खेले गये 13 मैचों में से छह जीते हैं और उसे 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। ऐसे मे अब अगर वह मैच को बड़े अंतर से भी जीतती है तो भी उसके 14 अंक ही होंगे। ऐसे में उसे प्लेऑफ के लिए अन्य टीमों के परिणामों पर भी आधारित रहना होगा जबकि लखनऊ की टीम को प्ले-ऑफ में जगह के लिए ज्यादा परेशानी नहीं है। टीम के 13 मैचों में 16 अंक है और इस मैच में जीत से ही वह प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। जाएगा। इसके बाद भी जायंट्स की राह आसान नहीं है क्योंकि केकेआर ने पिछले दो मैचों में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। केकेआर टीम की बल्लेबाजी कप्तान श्रेयस अय्यर के अलावा आरोन फिंच , आंद्रे रसेल और सैम बिलिंग्स जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। पिछले मैच में रसेल और बिलिंग्स ने शानदार साझेदारी कर अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया था। अब टीम को इनसे इस मैच में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी।

टीम की चिन्ता हालांकि वेंकटेश अय्यर का लय में नहीं होना है , इसके अलावा नितीश राणा भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। वहीं गेंदबाजी में तेज गेंदबाज उमेश यादव और टिम साउदी के अलावा रसेल भी प्रभावी रहे हैं। स्पिनर के तौर पर टीम के पास सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं दूसरी ओर कप्तान लोकेश राहुल की टीम लखनऊ को पिछले दोनो मैचों में हार मिली है जिससे वह उबरना चाहेगी। इन दोनो ही मैच में राहुल ने टीम की हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया था। टीम की एक बड़ी कमजोरी कप्तान पर अधिक निर्भरता रही है। राहुल ने सत्र में दो शतक लगाये है पर वह पिछले तीन मैच में रन नहीं बना पाये जिसमें से दो में टीम हारी है। इसके अलावा एक और प्रमुख बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक भी पिछली दो पारियों से रन नहीं बना पाये हैं। टीम के लिए राहत की बात है कि दीपक हुड्डा अच्छे रन बना रहे हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** लोकेश राहुल (कप्तान), मनन वोहरा, एविन लुईस, मनीष पांडे, क्विंटन डिकॉक, रवि बिश्नोई, दुष्मंता चमीरा, मोहसिन खान, मयंक यादव, अंकित राजपूत, आवेश खान, एंड्रयू टाय, मार्कस स्टोइनिस, काइल मेयर्स, करण शर्मा, कृष्णप्पा गौतम, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा, कृणाल पंड्या और जेसन होल्डर।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** आरोन फिंच, अभिजीत तोमर, अजिंक्य रहाणे, बाबा इंद्रजीत, नीतीश राणा, प्रथम सिंह, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), अशोक शर्मा, पैट कमिन्स, रसिख डार, शिवम मावी, टिम साउदी, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती, अमन खान, आंद्रे रसेल, अनुकुल रॉय, चमिका करुणारत्ने, मोहम्मद नबी, रमेश कुमार, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, सैम बिलिंग्स ।



साउथेंपटन में गोलकीपर एलेक्स मैकार्थी को छकाकर लीवरपूल के खिलाड़ियों ने गोल दाग दिया।

### पृथ्वी फिट हुए तो खेलेंगे अगला मैच



**मुम्बई ।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा है सलामी बल्लेबाज पृथ्वी का अगले मैच में खेलना तय नहीं है। दिल्ली को 21 मई को मुम्बई इंडियंस से खेलना है। ऋषभ ने कहा कि इस मैच में पृथ्वी के खेलने की संभावनाएं 50 फीसदी ही हैं। पृथ्वी का बुखार अब ठीक है और वह टीम होटल में लौट आये हैं पर कप्तान के अनुसार अगले कुछ समय में उनके खेलने को लेकर स्थिति साफ होगी। ऋषभ ने कहा कि यदि पृथ्वी फिटनेस हासिल कर लेते हैं तो वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगे। दिल्ली ने पृथ्वी के नहीं होने के कारण केएस भरत को डेविड वॉर्नर के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा था पर वह असफल रहे। ऐसे में पिछले मैच में सरफराज खान ने पारी की शुरुआत करते हुए अच्छी पारी खेली। उन्होंने साथ ही कहा , 'पूरे टूर्नामेंट में अब तक हम एक मैच हार रहे थे और एक जीत रहे थे। यह कुछ ऐसा है जिसे हम एक टीम के रूप में बदलना चाहते थे और हम इसमें सफल रहे हैं।'

## व्यापार न्यूज़

### जीएसटी भुगतान की तारीख 24 मई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** करदाताओं को जीएसटी पोर्टल पर तकनीकी गड़बड़ियों का सामना करने की वजह से अप्रैल जीएसटी भुगतान की तारीख को बढ़ाकर 24 मई कर दी है। सरकार ने इंफोसिस से इस समस्या के जल्द समाधान के लिए भी कहा है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने देर रात ट्वीट में कहा ?कि अप्रैल 2022 के महीने के लिए फॉर्म जीएसटीआर-3बी दाखिल करने की देय तारीख 24 मई तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले मंगलवार को दिन में सीबीआईसी ने कहा था कि इंफोसिस द्वारा अप्रैल जीएसटीआर-3बी और पोर्टल पर जीएसटीआर-3बी की ऑटो-पॉपुलेशन में एक तकनीकी गड़बड़ी की सूचना दी गई है। सीबीआईसी ने ट्वीट किया ?कि इन्फोसिस को सरकार ने जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया है। तकनीकी टीम जीएसटीआर-2बी मुहैया कराने और ऑटो-पॉप्युलेटेड जीएसटीआर-3बी को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए काम कर रही है। जीएसटीआर-2बी एक ऑटो-ड्राफ्टेड इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) स्टेटमेंट है जो प्रत्येक जीएसटी पंजीकृत इकाई के लिए उनके आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उनके संबंधित बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में दी गई जानकारी के आधार पर उपलब्ध होती है। जीएसटीआर-2बी स्टेटमेंट आमतौर पर व्यवसायों को अगले महीने के 12वें दिन उपलब्ध कराया जाता है, जिसके आधार पर वह करों का भुगतान और जीएसटीआर-3बी दाखिल करते समय आईटीसवी का दावा कर सकते हैं।

### सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नईदिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से एमसीएक्स पर बुधवार को सोने की कीमत में 0.56 फीसदी की गिरावट आई है और इसका भाव घटकर 49,890 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया है। इसके अलावा चांदी के दाम में भी 0.85 फीसदी की कमी आई है और यह 60,638 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### बेस्ट के खिलाफ टाटा मोटर्स उच्च न्यायालय पहुंची

**मुंबई ।** वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ने बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) की 1,400 इलेक्ट्रिक बसों की निविदा प्रक्रिया से उसे अयोग्य ठहराने को लेकर बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। न्यायाधीश नितिन साम्ब्रे और न्यायाधीश अनिल पानसरे की अवकाश पीठ ने टाटा मोटर्स की याचिका पर बेस्ट से जवाब देने को कहा है। टाटा मोटर्स का कहना है ?कि बेस्ट ने उसकी बोली को तकनीकी रूप से गलत ठहराया है, जो सही नहीं है। वाहन विनिर्माता की तरफ से दायर याचिका के अनुसार, बेस्ट ने इस वर्ष 26 फरवरी को दो ई-निविदा निकाली थीं। इसमें मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में सार्वजानिक परिवहन को लेकर 1,400 एसी इलेक्ट्रिक बसों के लिए बोलियां मंगाई गई थीं। टाटा मोटर्स ने 25 अप्रैल को अपनी तकनीकी और वित्तीय बोली जमा कर दी थी। हालांकि, छह मई को बेस्ट ने इसे तकनीकी रूप से उचित नहीं ठहराते हुए इसे खारिज कर दिया था। बंबई उच्च न्यायालय इस मामले की अगली सुनवाई 23 मई को करेगा।

### पेट्रोल और डीजल के दाम 42वें दिन स्थिर

**नई दिल्ली ।** देश में तेल विपणन कंपनियों के बुधवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने से लगातार 42वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहें। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर है।

# सेंसेक्स 345 अंक चढ़ा और निफ्टी 16,360 पर

**मुंबई ।** अमेरिकी बाजार में सकारात्मक रुख के बीच इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में तेजी के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को शुरुआती कारोबार में 345 अंक बढ़कर खुला। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 344.71 अंक बढ़कर 54,663.18 पर कारोबार कर रहा था, जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 101.15 अंक बढ़कर 16,360.45 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, विप्रो और एचडीएफसी बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर पॉवर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा स्टील लाल निशान में आ गए। अन्य एशियाई बाजारों में सियोल और तोक्यो के बाजारों में तेजी थी। पिछले कारोबारी सत्र में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,344.63 अंक बढ़कर 54,318.47 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 417 अंक की बढ़त लेकर 16,259.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी टॉप गेनर में आज टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और इंडसइंड बैंक जैसे स्टॉक हैं तो टॉप लूजर में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, कोल इंडिया और ओएनजीएसी। बता दें अमेरिकी शेयर बाजारों की तरह एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील की उम्मीद के बीच बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों का घरेलू बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। उन्होंने सोमवार को 1,788.93 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।



### देशभर में अप्रैल माह में 15,905 कंपनियों का पंजीकरण हुआ

**नई दिल्ली ।** अप्रैल में देशभर में कुल 15,905 कंपनियों का पंजीकरण कराया गया। इसके साथ ही अप्रैल के आखिर में सक्रिय कुल कंपनियों की संख्या बढ़कर 14,51,401 हो गई। कंपनी मामलों के मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक 30 अप्रैल, 2022 तक कंपनी अधिनियम के तहत कुल 23,33,958 कंपनियां पंजीकृत हो चुकी थीं। इनमें से 8,29,269 कंपनियां बंद हो चुकी हैं जबकि 7,021 कंपनियों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही चल रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल के आ?खिर में सक्रिय कंपनियों की संख्या 14,51,401 रही। अप्रैल में कुल 15,905 कंपनियों का पंजीकरण हुआ जिनमें 851 कंपनियां एक व्यक्ति वाली (ओपीसी) हैं। नई पंजीकृत कंपनियों की अधिकृत पूंजी 2,316.52 करोड़ रुपए रही। कंपनी मामलों का मंत्रालय कंपनी अधिनियम के प्रावधानों को लागू करता है।

# सीमा शुल्क विभाग के पास पहले पंजीकृत हो चुकी गेहूं की खेप के निर्यात की अनुमति

**नई दिल्ली ।** सरकार ने नियमों में कुछ ढील देते हुए सीमा शुल्क विभाग के पास निर्यात प्रतिबंध से पहले पंजीकृत हो चुके मामलों में गेहूं के निर्यात की अनुमति दे दी है। सरकार ने गेहूं निर्यात पर 13 मई को प्रतिबंध लगाया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को अधिसूचना जारी कर गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

गेहूं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा गेहूं की जो भी खेप सीमा शुल्क विभाग को जांच के लिए सौंपी गई है और उसकी प्रणाली पर 13 मई से पहले पंजीकृत है, उसके निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया गया है। इसके अलावा सरकार ने मिस्र के लिए गेहूं की खेप के निर्यात की अनुमति दी है। यह गेहूं पहले ही कांडला बंदरगाह पर लदान की प्रक्रिया में है।

मिस्र सरकार ने आग्रह किया था कि कांडला बंदरगाह पर जिस गेहूं का लदान किया जा रहा है, उसके निर्यात की अनुमति दी जाए। मिस्र को गेहूं का निर्यात करने वाली कंपनी मीरा इंटरनेशनल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा है कि 61,500 टन में से 44,340 टन गेहूं का लदान पूरा हो चुका है और 17,160 टन का लदान भी पूरा होने की प्रक्रिया में है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे टूटा



**मुंबई ।** विदेशी कोषों के लगातार बाहर जाने और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के कारण रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे टूटकर 77.50 पर खुला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपया पर असर पड़ा। हालांकि घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के कारण रुपए की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.57 पर कमजोर खुला और फिर थोड़े सुधार के साथ 77.50 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 6 पैसे की कमजोरी दर्शाता है। शुरुआती सौदों में स्थानीय मुद्रा ने 77.57 से 77.48 के दायरे में कारोबार किया। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.47 पर आ गया।

# चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 12-13 फीसदी की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

**मुंबई ।** रेटिंग एजेंसी इक्रा का कहना है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 12 से 13 प्रतिशत की दर से बढ सकती है। इक्रा ने अप्रैल में कारोबार गतिविधि सूचकांक 13 माह के दूसरे सर्वोच्च स्तर पर होने का जिक्र करते हुए कहा कि पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर काफी अच्छी रह सकती है। हालांकि, इक्रा ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी की वृद्धि दर के 7.2 प्रतिशत के अनुमान को बरकरार रखा है। इसके पीछे बढ़ती मुद्रास्फीति एवं नीतिगत ब्याज दरों में बढ़ोतरी जैसे कारण हैं। इक्रा की एक अर्थशास्त्री ने कहा कि अप्रैल महीने के लिए हमारा कारोबार गतिविधि सूचकांक यह



संकेत देता है कि एक साल पहले और कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में गतिविधियां करीब 16 प्रतिशत अधिक रही हैं। उन्होंने कहा कि तीव्र वृद्धि का सिलसिला मई में भी कायम रह सकता है। इस तरह वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दहाई अंकों में रहते हुए 12-13 प्रतिशत तक रहनी चाहिए। हालांकि, यह तीव्र वृद्धि आगे बनी नहीं रह पाएगी और मात्रा एवं संख्या के लिहाज से सालाना वृद्धि मध्यम रह सकती है।

उनका मानना है कि लागत बढ़ने से सकल मूल्य संवर्द्धन (जीवीए) वृद्धि दर इकाई अंक में ही बनी रह सकती है। यही कारण है कि हमने वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि के अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर ही बरकरार रखा है। मुद्रास्फीति एवं वृद्धि के लिए सबसे बड़ा जोखिम ईंधन की बढ़ती कीमतें एवं यूक्रेन संकट का संभावित असर हैं। अगर रूस एवं यूक्रेन के बीच छिड़ा युद्ध जल्दी थमता नहीं है, तो इसका प्रभाव अनुमान से कहीं ज्यादा होगा। रिजर्व बैंक जून एवं अगस्त में होने वाली अगली दो द्विमासिक समीक्षा में नीतिगत दरों में 0.25-0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है।

### स्टेलांटिस अगले साल भारतीय बाजार में उतारेगी पहला इलेक्ट्रिक वाहन

चेन्नई। वैश्विक ऑटोमोटिव समूह स्टेलांटिस अगले वर्ष भारतीय बाजार में सिट्रोन ब्रांड के तहत अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन उतारेगा। ऐसा अनुमान है कि 2030 तक कंपनी की कुल बिक्री में से 30 फीसदी बिजली चालित वाहनों की होगी। कंपनी के एक अ?धिकारी ने यह जानकारी दी। यह समूह इतावली-अमेरिकी कंपनी फिएट क्रिस्लर ऑटोमोबाइल्स तथा फ्रांस के पीएसए समूह को मिलाकर बना है। समूह की भारत के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की योजना के बारे में अ?धिकारी ने कहा ?कि हमारा पहला बिजली चालित वाहन अगले वर्ष आएगा। भारत में इस कंपनी के दो ब्रांड के तहत वाहन आते हैं जिनमें है जीप और सिट्रोन। उन्होंने कहा ?कि विशेषकर भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को सिट्रोन ब्रांड के तहत उतारा जाएगा। उनसे पूछा गया कि भविष्य में भारत में कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी कितनी हो सकती है? इस पर तावारेस ने कहा ?कि 2025 तक यह पांच से दस फीसदी हो सकती है।

# दोस्तों के साथ आउटिंग पर निकलीं सुहाना खान, वीडियो किया शेयर



दोस्तों के साथ आउटिंग पर निकलीं सुहाना खान, वीडियो किया शेयर शाहरुख खान की बेटी सुहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आये दिन सुहाना अपने फोटो और वीडियोज शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ वहीं कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर सुहाना की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। वह उन ग्लैमरस स्टार किड्स में से एक हैं, जो फैन्स से अपने दमपर कनेक्ट रहा करती हैं। शाहरुख खान की बेटी सुहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आये दिन सुहाना अपने फोटो और वीडियोज शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ वहीं कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर सुहाना की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। वह उन ग्लैमरस स्टार किड्स में से एक हैं, जो फैन्स से अपने दमपर कनेक्ट रहा करती हैं। सुहाना ने अपनी दो फ्रेंड्स के साथ तस्वीरें और एक वीडियो भी शेयर किया है। इन तस्वीरों और वीडियो को पोस्ट करते हुए सुहाना ने लोगों का ध्यान खींचने वाला कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा कि पीचेस एंड द बिग एप्पल। सुहाना की ये तस्वीरें न्यूयॉर्क की हैं। वह इस समय अपनी फ्रेंड्स के साथ अपने कॉलेज के दिनों को भरपूर इंजॉय कर रही हैं। इन तस्वीरों में वह पर्पल बॉडीकॉन ड्रेस में काफी खूबसूरत दिख रही हैं और फैन्स भी उनके इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। सुहाना और उनके फ्रेंड्स की इन तस्वीरों पर उनके अन्य कॉमन फ्रेंड्स भी कॉमेंट करते नजर आए हैं। सुहाना की बेस्ट फ्रेंड्स में से एक शनाया कपूर भी बॉलिवुड में एंट्री करने जा रही हैं और इसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जाहिर की थी।

## एली अवराम ने शूटिंग के दौरान गिफ्ट में मिले मौजे दिखाए

अभिनेत्री एली अवराम ने सोशल मीडिया पर 'सेक्सी चर्की सॉक्स' का नया जोड़ा दिखाया, जो उन्हें 'हर फन मौला' गाने की शूटिंग के दौरान गिफ्ट किया था। इंस्टा पर पोल्का-डॉटेड मोजे की एक तस्वीर साझा करते हुए एली ने लिखा, जब मुझे हर फन मौला शूट के दौरान सेक्सी चर्की मोजे की एक जोड़ी गिफ्ट की गई थी! आमिर खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एली ने 14 मार्च को अभिनेता के जन्मदिन पर एक इंस्टाग्राम पोस्ट लिखा, वास्तव में मुझे देखने के लिए धन्यवाद, मेरी प्रतिभा की सराहना करते हुए और मुझे सिल्वर स्क्रीन पर अपने साथ जादू पैदा करने का यह मौका दिया! आप वास्तव में एक पूर्णतावादी हैं और आपसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। आपने मुझे जो खूबसूरत यादें दी हैं, उसके लिए धन्यवाद। आप हमेशा साथ चमकते रहें। एली ने आगामी फिल्म कोई जाने ना में बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान के साथ डांस नंबर में अभिनय किया। इसे आमिर की लगान के सह-कलाकार अमीन हाजी ने निर्देशित किया है।


## कोरोना के मामले बढ़ने के चलते बंटी और बबली 2 की रिलीज डेट स्थगित

रानी मुखर्जी और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म बंटी और बबली 2 की रिलीज तारीख को कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते स्थगित कर दिया गया है। यह फिल्म पहले 23 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। फिहलाल अभी फिल्म के रिलीज की नई तारीख की अभी घोषणा नहीं हुई है। तरण आदर्श ने ट्वीट कर फिल्म की रिलीज डेट टलने की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी है जिसमें लिखा है, बंटी और बबली जो कि सिनेमाघरों में 23 अप्रैल 2021 को रिलीज होनेवाली थी, यह पोस्टपोन हो चुकी है। यशराज फिल्म्स की तरफ से जल्द ही नई डेट की घोषणा की जाएगी। बंटी और बबली 2 2005 की हिट फिल्म बंटी और बबली की अगला पार्ट है। जिसमें रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन और अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया है। सीक्वल में सिद्धांत चतुर्वेदी और शारवरी वाघ भी हैं। पहला पार्ट हास्य, नाटक, मेलोड्रामा, रोमांस और संगीत पर अधिक चली और दर्शकों द्वारा प्यार की बौछार की गई। अगला पार्ट यह पारिवारिक फिल्म है, जो लोगों को हंसाने वाली है। बंटी और बबली 2 का निर्देशन वरुण वी शर्मा ने किया है।

## समीर सोनी आत्म खोज पर लिख रहे किताब

अभिनेता समीर सोनी लेखक के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह चिंता और आत्म-खोज के बारे में माई एक्सपेरिमेंट्स विद साइलेंस नामक पुस्तक लिख रहे हैं। किताब को इस वर्ष रिलीज किया जाएगा। सोनी किताब में दिल्ली में अपने अनुभवों, वाल स्ट्रीट में बिताए अपने कार्यकाल और बॉलीवुड में गुजारे समय के अपने अनुभव के बारे में लिखेंगे। लंबे समय से, एक नोटबुक और एक कलम मेरे सबसे करीबी साथी रहे हैं।

# हॉलीवुड में फिल्म बनाने की तैयारी में नीतू चंद्रा



नीतू चंद्रा ने हाल ही में सोनी मोशन पिक्चर्स की 'नेवर बैक डाउनः रिवॉल्ट' में लीड रोल निभाकर फिर से सुर्खियां बटोरीं. अब नीतू की किट्टी में आगे क्या है क्या वह एक फिल्म का निर्माण करेंगी या फिर एक और हॉलीवुड फिल्म बॉलीवुड में छह फिल्में छिनने के बाद उन्होंने हॉलीवुड का रुख किया था जहां उन्हें लगातार काम मिल रहा है. फैंस को लगने लगा है कि नीतू का हॉलीवुड करियर अगर ऐसे ही चलता रहा तो वो जल्दी है प्रियंका चोपड़ा की तरह हॉलीवुड में नई बुलंदियां छू लेंगी. एक सूत्र के अनुसार,नीतू लॉस एंजिल्स में कई निर्देशकों और प्रोडक्शन हाउस के साथ बातचीत कर रही हैं. उनके लिए कुछ बहुत बड़ी योजना बनाई जा रही है! जाहिर है, पहले की फिल्मों में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें विभिन्न परियोजनाओं में एक पसंदीदा विकल्प बना दिया है. यही वजह है कि नीतू स्क्रिप्ट पढ़ने और साथ ही कुछ कहानियां सुनकर खुद को व्यस्त रख रही हैं. नीतू ने ओए लकी ओए, ट्रैफिक सिग्नल, गरम मसाला, रण जैसी कुछ फिल्मों में काम किया. बिहार की पहली अभिनेत्री जिसने हॉलीवुड फिल्म 'नेवर बैक डाउन' में प्रमुख किरदार निभाया है, नीतू अब 'नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट' में एक फ्रीडम फाइटर की भूमिका निभाते हुए नज़र आएंगी. नीतू चंद्रा ने बताया कि वह अपनी हॉलीवुड फिल्म 'नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट' की शूटिंग पूरी करके वापस आ चुकी हैं. यह फिल्म जून-जुलाई में रिलीज होगी. नीतू ने हॉलीवुड में लीड रोल पाने के बाद बॉलीवुड के उन लोगों के चेहरे पर करारा तमाचा मारा है जिन्होंने उनसे बैक टू बैक 6 फिल्में छीन ली थी. अब नीतू के हाथ 3 और हॉलीवुड फिल्में मिल गई हैं. उन्होंने बताया है कि उनसे बॉलीवुड में लगातार 6 फिल्में छीन ली थी. यहां उनके टैलेंट की कदर नहीं की गई मगर हॉलीवुड ने उनके टैलेंट को पहचाना और उन्हें काम करने का मौका दिया. नीतू ने कहा- बॉलीवुड में मेरा कोई गॉड फादर नहीं रहा है, मुझे मेरी मेहनत और टैलेंट के दम पर काम मिला है. भगवान की कृपा से साल 2021 मेरे लिए अच्छा साबित होने वाला है. इस साल मेरी हिंदी फिल्म भगवना भरोसे भी रिलीज होने वाली है. नीतू ने कहा- बॉलीवुड में कभी मेरे टैलेंट की कदर नहीं की गई. मेरी कोई गलती नहीं थी।



## पुस्तक चर्चा

**रुपये का भ्रमण पैकेज**
**पृष्ठ 172 ,सजिल्द मूल्य 350 रु**
**प्रभात प्रकाशन , नई दिल्ली**
**चर्चाकार ... विवेक रंजन श्रीवास्तव , भोपाल**

बीरबल या तेनालीराम जैसे ज्ञानी सत्ता में राजा के सर्वाधिक निकट रहते हुये भी राजा की गलतियों को अपनी बुद्धिमानी से इंगित करने के दुस्साहसी प्रयास करते रहे हैं। इस प्रयोजन के लिये उन्होने जिस विधा को अपना अस्त्र बनाया वह व्यंग्य संमिश्रित हास्य ही था। दरअसल अमिधा की सीधी मार की अपेक्षा हास्य व्यंग्य में कही गई लाक्षणिक बात को इशारों में समझकर सुधार का पर्याप्त अवसर होता है , और यदि सच को देखकर भी तमाम बेशर्मी से अनदेखा ही करना हो तो भी राजा को बच निकलने के लिये बीरबलों या तेनालीरामों की विदूषक छबि के चलते उनकी कही बात को इग्नोर करने का रास्ता रहता ही है। लोकतंत्र ने राजनेताओ को असाधारण अधिकार प्रदान किये हैं , किन्तु अधिकांश राजनेता उन्हें पाकर निरंकुश स्वार्थी व्यवहार करते दिख रहे हैं। यही कारण है कि हास्य व्यंग्य आज अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। सुधाकुमारी जी जैसे जो बीरबल या तेनालीराम अपने परिवेश में देखते हैं कि राज अन्याय हो रहा है , वे चुपचाप व्यंग्य लेख के जरिये आईना दिखाने का अपना काम करते दिखते हैं। ये और बात है कि अधिकांशतः उनकी ये चिंता अखबारों के संपादकीय पन्नो पर किसी कालम में कैद या किसी पुस्तक के पन्नो में फड़फड़ाती रह जाती है। बेशर्म राजा और समाज उसे हंसकर टालने में निपुण होता जा रहा है। किन्तु इससे आज के इन कबीरों के हौसले कम नहीं होते वे परसाई ,शरद , त्यागी और श्रीलाल शुक्ल के मार्ग पर बढ़े जा रहे हैं , सुधा कुमारी जी भी उसी बढ़ते कारवां में रुपये का भ्रमण पैकेज लेकर आज चर्चा में हैं। स्थानांतरण का ईश्वरीय आदेश÷ में वे सरकारी कर्मचारियों की ट्रांसफर नीतीयो पर पठनीय कटाक्ष करती हैं , उन्होने स्वयं भी खूब पढ़ा गुना है तभी तो व्यंग्य में यथा स्थान काव्य पंक्तियो का प्रयोग कर रोचक प्रवाही शैली में लिख सकी हैं। इसी शैली का एक और सार्थक व्यंग्य ÷ बेचारा÷ भी किताब में है। ÷ओम पत्रकाराय नमः÷ में वे लिखती हैं ÷ आप ही देश चलाते हो , प्रशासन की खिंचाईकरते हो , कानून भी आपके न्यूजरूम में बन सकते हैं और न्याय भी आप खुद करते हो , खुद ही अभियोजन करते हो खुद ही फैसला सुनाते हो ÷ ... हममें से जिनने भी शाम की टी वी बहस सुनी हैं , वे सब इस व्यंग्य के मजे ले सकते हैं। ÷ अथ ड्युटी पार्लर कथा , बासमैनेजमेंट इंस्टीट्यूत , असेसमेंट आर्डर की आत्मकथा , सूचना अधिकार ...अलादीन का चिराग , मखान सर शिक्षण संस्थान इत्यादि उनके कार्यालाय के इर्द गिर्द से उनके वैचारिक अंतर्द्वंद जनित रचनायें हैं , जिन्हें लिखकर उन्होने आत्म संतोष अनुभव किया होगा। कुछ रचनायें कोरोना की वैश्विक त्रासदी की विसंगतियों से उपजी हैं। और प्रजातंत्र की उलटबासियां , चुनावी दंगल , प्रजातांत्रिक पंचतंत्र , , नेताजी पर लेख जैसी रचनायें अखबार या टीवी पढ़ते देखते हुये उपजी हैं। चुंकि सुढ़ाकुमारी जी का संस्कृत तथा अंग्रेजी साहित्य का गहन अध्ययन है अतः उनके बिम्ब और रूपक मेघदूत , यक्षिणी , पीटर पैन , सोलोमन का न्याय के गिर्द भी बनते हैं। ÷चिंतन के लिये चारा÷ पुस्तक का सबसे छोटा व्यंग्य लेख है , पर मारक है ...एक मरियल देसी गाय और एक बिहार की जर्सी गाय का परस्पर संवाद पढ़िये , इशारे सहज समझ जायेंगे ... ÷ उन्हें विशेष प्रकार का चारा खिलाया गया , जो सामान्य आंखों से नही दिखता था , वह सिर्फ बिल और व्हाउचर में दिखाई देता था ....

# राज ठाकरेः अवसरवादी व विकृत राजनीति का एक और चेहरा

तनवीर जाफ़री

यदि हम पीछे मुड़कर राज ठाकरे के राजनैतिक महत्वाकांक्षा भरे जीवन पर एक नज़र डालेंगे तो यही पायेंगे कि बाल ठाकरे की विरासत के रूप में शिव सेना की कमान न मिल पाने के विरोध में ही 9 मार्च 2006 को कथित रूप से हिंदुत्व तथा भूमिपुत्र के सिद्धान्तों पर आधारित महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) महाराष्ट्र के एक क्षेत्रीय राजनैतिक दल के रूप में वजूद में आई। यह भी कहा जाता है कि उद्धव ठाकरे के साथ मतभेद तथा राज्य में चुनाव में टिकट वितरण जैसे अहम फ़ैसलों में राज ठाकरे की अवहेलना के चलते भी मनसे गठित की गयी। परन्तु हक़ीक़त तो यह है कि यदि बाल ठाकरे अपनी राजनैतिक विरासत अपने पुत्र उद्धव ठाकरे को सौंपने के बजाये भतीजे राज ठाकरे को सौंप देते तो यक़ीनन मनसे वजूद में ही न आती। बहरहाल मनसे ने राज ठाकरे के नेतृत्व में बाल ठाकरे तर्ज़ की आक्रामक राजनीति करनी शुरू की। शिवसेना को कमज़ोर करने की कोशिश करते हुए बी एम सी,पुणे नगर निगम,ठाणे तथा नासिक नगर निगम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर अपने प्रतिनिधि निर्वाचित कराये। इतना ही नहीं बल्कि 2009 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मनसे ने 13 विधानसभा सीटें भी जीतीं । इसके अलावा 24 से अधिक स्थानों पर मनसे दूसरे स्थान पर भी रही।

परन्तु अब सीटें जीतने के लिहाज़ से धीरे धीरे मनसे का राजनैतिक जनाधार लगभग समाप्त सा हो गया है। इसका मुख्य कारण यह है कि जो मनसे हिंदुत्व का ध्वजवाहक बनना चाहती थी उसी ने 2008 में उत्तर भारतीयों विशेषकर उत्तर प्रदेश,झारखण्ड,मध्य प्रदेश और बिहारी प्रवासियों के विरुद्ध खुले आम हिंसा शुरू कर दी। मनसे कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के विभिन्न भागों में उत्तर भारतीय दुकानदारों और विक्रेताओं पर हमला किया। कई जगह सरकारी सम्पत्ति नष्ट कर दी। छठ जैसे उत्तर भारतीयों के प्रमुख त्यौहार का विरोध किया जाने लगा। इस घटना पर लोकसभा में भी काफ़ी हंगामा हुआ था। इसी तरह 9 नवम्बर 2009 को समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी को मनसे विधायकों द्वारा उन्हें हिंदी में शपथ लेने से रोका गया। और उनसे सदन में मार पीट की गयी। महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष ने इस घटना में शामिल मनसे के चार विधायकों को चार वर्ष के लिए निलम्बित कर दिया गया था । मुम्बई और नागपुर में विधान सभा बैठक के दौरान उनके प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई थी । अभी पिछले दिनों पूर्व महाराष्ट्र में मनसे द्वारा खड़े किये गये अज़ान-लाउडस्पीकर-हनुमान चालीसा विवाद के मध्य मनसे प्रमुख राज ठाकरे को कथित तौर पर कोई धमकी भरा पत्र मिला। इस पत्र के मिलने के बाद एक मनसे नेता ने कहा कि राज ठाकरे को एक धमकी भरा उर्दू में लिखा गया पत्र मिला है, उनकी जान को ख़तरा है। इस नेता ने चेतावनी दी है कि अगर ठाकरे को कुछ हुआ तो %वे महाराष्ट्र को जला देंगे%। स्वयं राज ठाकरे की राजनीति का अंदाज़ प्रायः आक्रामक व तल्ख़ी भरा ही रहता है। वे कई बार अपने साक्षात्कार के दौरान आपे से बाहर और वरिष्ठ पत्रकारों के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते दिखाई देते हैं। अब जबसे शिवसेना ने भाजपा से अपना पुराना नाता तोड़ कांग्रेस व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से मिलकर सरकार गठित की है तब ही से राज ठाकरे भाजपा के साथ अपने राजनैतिक संबंध बनाने की जुगत में लगे थे। या यूँ कहें कि भाजपा व मनसे दोनों को ही एक दूसरे से संबंध बनाने की मजबूरी दरपेश थी।



परन्तु इसके लिये राज ठाकरे को अपने मराठी नहीं बल्कि हिंदुत्ववादी तेवरों में धार रखनी ज़रूरी थी। जो उन्होंने मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने,अज़ान के वक़्त लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा पढ़ने जैसा विवाद खड़ा कर, करने की पूरी कोशिश भी की। साथ ही राज ठाकरे ने अपने नये %हिंदुत्ववादी अवतार% को क्षेत्रीय की जगह राष्ट्रीय %कवच % पहनाने के लिये 5 जून को अयोध्या में राम लला के दर्शन का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया।ख़बरों के मुताबिक़ मनसे ने 11 ट्रेन रैक बुक कराने की योजना बनाई है ताकि अयोध्या में मनसे के कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत कर सकें। परन्तु उत्तर भारतीयों द्वारा राज ठाकरे का पुराना रिकार्ड अब खोल दिया गया है। बहराइच,अयोध्या से लेकर इलाहबाद और पूर्वांचल के कई ज़िलों में उन्हीं उत्तर भारतीयों ने राज ठाकरे का विरोध करने के लिये कमर कस ली है जिन्हें 2008 में राज ठाकरे के निर्देशों पर मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा इतना प्रताड़ित किया गया था कि लाखों लोग रास्तों में और ट्रेनों,बसों व टैक्सियों में मार खाते, लुटते, पिटते अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर हो गए थे। राज ठाकरे के विरोध में सत्ताधारी दल भाजपा के क़ैसर गंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह जोकि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी हैं, ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि ठाकरे को अयोध्या आने देना तो दूर उन्हें उत्तर प्रदेश की सीमा में भी घुसने नहीं दिया जायेगा। और भी कई राजनेता व धर्मगुरु भी राज ठाकरे की अयोध्या यात्रा का विरोध कर रहे हैं। उनके अयोध्या आगमन से पहले ही अनेक राजनैतिक संगठन और संस्?थायें विरोध में उतर आई हैं। अयोध्या के कई प्रमुख साधु संत व धर्मगुरु भी राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे हैं। राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध करने वालों का कहना है कि उत्तर भारतीयों को अपराधी कहने वाले राज ठाकरे या तो उत्तर भारतीयों से माफ़ी मांगें अन्यथा अयोध्या आने का साहस न करें। इनका कहना है कि %हम उत्तर भारतीय ही भगवान श्री राम के वंशज हैं अतः उत्तर भारतीयों का महाराष्ट्र में अपमान किया जाना भगवान श्रीराम का अपमान है। राज ठाकरे भगवान श्री राम के अपराधी हैं। लिहाज़ा बिना माफ़ी मांगे अयोध्या आने पर उत्तर भारतीय राज ठाकरे का जमकर विरोध करेंगे। इस पूरे प्रकरण में आश्चर्य की बात तो यह है कि जहाँ एक भाजपा सांसद खुलकर राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे हैं वहीँ इन्हीं विरोध स्वरों के बीच अयोध्या से भाजपा के ही सांसद लल्लू सिंह, राज ठाकरे के समर्थन में आ गये हैं।

## धर्म का अर्थ

किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था। वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं? संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा-वो कैसे? संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।

# नई जल नीति भौगोलिक नियोजन के आधार पर बने

मुकेश तिवारी

बेहतर कल के लिए राष्ट्रीय जल नीति जो 2012 में लाई गई थी कन्वेंशन जल के उपयोग, क्षमता और उसके संरक्षण पर आधारित थी। यह वर्तमान चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, नगरों में पेयजल संकट, गंगा की सफाई और जल के फिर से उपयोग आदि से अछूती रही है अत वक्त आ गया है कि हम जल के विभिन्न भौगोलिक आयामों तथा नियोज नों पर आधारित एक समेकित नीति लाए। जल, खाद, ऊर्जा तथा मानव स्वास्थ्य को इकट्ठा कर रखने वाला तत्व है। हिंदुस्तान में पर्याप्त जल है, यदि हम विश्व के संदर्भ में देखें तो यहां18 फ़ीसदी मानव जनसंख्या है जो 2.4 फ़ीसदी भौगोलिक क्षेत्रफल पर है मगर विश्व का मात्र 4त्र जल हिंदुस्तान में उपलब्ध है। हमें जल नीति में इस बात को ध्यान रखना पड़ेगा।

**100 रेनी डे आधारित जल नीति**
**हिंदुस्तान में तकरीबन 60 फ़ीसदी**

क्षेत्र वर्षा पर आधारित है। जहां कृषि मानसून पर निर्भरहै हिंदुस्तान में चार मुख्य फसल 48 फ़ीसदी जी डीपी में भागीदारी निभाती है। सर्वप्रथम हमें हिंदुस्तान में 100 रेनी डे पर आधारित जल नीति तैयार करनी होगी क्योंकि हिंदुस्तान में अधिकांश वर्षा इसी 100 दिन में होती है। जल नीति बनाते वक्त हमें खास तौर से ध्यान रखना होगा कि जल भौगोलिक सीमा का अनुकरण करता है। न कि राजनीतिक सीमा का, इसलिए वर्षा जल को 100 वर्षा के दिनों में संग्रहित करने वाटर शेड मैनेजमेंट (जिसमें 130 मिलियन हेक्टर की संभावना है)% पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अभी तक 40 ड्50 मिलियन हेक्टर वाटर शेड एरिया का ही उपयोग सरकार कर सकी है। दूसरी तरफ प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता कम होती जा रही है 1951 में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 517 7 क्यूबिक मीटर प्रतिवर्ष थी। जो अब घटकर 1400 के आसपास रह गई हैएक अनुमान के अनुसार 2050 में यह 11 40 क्यूबिक मीटर पहुंच जाएगी। विश्व के 70 फ़ीसदी हिस्से जिसके अंतर्गत हिंदुस्तान का बहुत बड़ा हिस्सा है। 2025 तक वॉटर स्ट्री स् की श्रेणी में आ जाएगा इसकी झलक अभी हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों में उत्पन्न हुए जल संकट में देखी जा सकती है। इसमें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, आदि इलाके आएंगे। यदि हम वार्षिक वर्षा के अनुमान 4000 क्यूबिक किलोमीटर से तुलना करें तो जो पानी अभी उपयोग हो रहा है वह 1123 क्यूबिक किलोमीटर ही है हिंदुस्तान में वर्षा की विभिन्नता पर ध्यान देना जरूरी है। पश्चिमी घाट में अधिक बारिश होती है पूर्वी समुद्री क्षेत्र में भी अधिक बारिश हैलेकिन तमिलनाडु केंद्रीय शैडो एरिया में आता है। इस वजह से यहां अल्प वर्षा होती है हिंदुस्तान के केंद्र में मध्यम वर्षा होती है।



जबकि पूर्वी भाग में काफी अधिक। पश्चिम में राजस्थान में बारिश की मात्रा बहुत कम होती है। हमें 12 मुख्य नदियों बेसिन तथा 46 मध्य नदी बेसिन का समेकित संदर्भ में प्रबंधन करना होगा। जिससे 1208 किलोमीटर वार्षिकवर्षा का समुचित उपयोग किया जा सके करीब 4000 बिलियन क्यूबिक मीटर वार्षिक औसत वर्षा में मानसून के दिनों की बारिश करीब 3000 बिलियन क्यूबिक मीटर है। पेयजल हमारी मुख्य समस्या बन गई है। तकरीबन 23 फ़ीसदी टप वाटर कुआं 20 फ़ीसदी हेड पंप 47 फ़ीसदी नदी जल सिस्टम के भौगोलिक क्षेत्र तथा औसत वार्षिक जल की संभावना आदि को ध्यान में रखकर हमें उपयोग में लाने योग्य स्थली जल संसाधन का नियोजन करना होगा। उसके अनुसार सबसे अधिक गंगा बेसिन, इसके बाद गोदावरी, कृष्णा, महानदी और सिंध क्षेत्र आते हैं हिंदुस्तान के औसत 54 फ़ीसदी भूमिगत जल का कम होना तय है। एक अनुमान के अनुसार हिंदुस्तान में तकरीबन 100 मिलियन लोग खराब जल वाले क्षेत्र में रहते हैं। राष्ट्रीय जल नीति में हमें गौर करना होगा कि करीब 80 फ़ीसदी स्थ लिए जल और 60फ़ीसदी भूमिगत जल कृषि क्षेत्र में उपयोग होता है अतः हमारी कृषि की उत्पादकता और देश की खाद्य सुरक्षा जल पर आधारित है। यह जनसंख्या वृद्धि के साथ- बढ़ता जाता है दूसरी ओर वर्षा की किल्लत तथा अधिकतम होना हिंदुस्तान में प्राकृतिक आपदा का कारण बन जाता है। तकरीबन 70 फ़ीसदी हिंदुस्तान का भूभाग सूखा पीड़ित है। 5त्र( 40 मिलियन क्टरक्टर बाढ़ से पीड़ित होता है।

# हद में रहे पाक

### सूडोकु नवताल- 6075

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6074 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

सिद्धार्थ शंकर

पाकिस्तान में भले ही सरकार बदल गई हो, लेकिन भारत के खिलाफ उसकी हरकतें बंद होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान की संसद में जम्मू-कश्मीर में परिसीमन पर भारत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद अब भारतीय विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, हम जम्मू-कश्मीर में परिसीमन अभ्यास पर पाकिस्तान की नेशनल असेंबली द्वारा पारित हास्यास्पद प्रस्ताव को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है, पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में निर्णय लेने या हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। फिर चाहें वह अवैध कब्जे वाला क्षेत्र हो या भारत का क्षेत्र। पाकिस्तान की संसद को कोई हक नहीं है कि वह जम्मू-कश्मीर के परिसीमन पर कोई टिप्पणी करे। जम्मू कश्मीर और लद्दाख हमेशा से भारत का आंतरिक हिस्सा था और रहेगा। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में परिसीमन व्यापक परामर्श और भागीदारी के सिद्धांतों पर आधारित एक लोकतांत्रिक कार्रवाई है। पाकिस्तान की संसद में यह प्रस्ताव जम्मू-कश्मीर में परिसीमन के विरोध में लाया गया था। प्रस्ताव में भारत के परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया और आरोप लगाया कि इस अभ्यास के माध्यम से भारत अपनी पांच अगस्त 2019 की अवैध कार्रवाई और उसके बाद के उपायों को आगे बढ़ाने का प्रयास



कर रहा है। मार्च 2020 में गठित परिसीमन आयोग ने पिछले सप्ताह अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश की थी और जम्मू क्षेत्र को छह अतिरिक्त विधानसभा सीटें और कश्मीर घाटी को एक सीट प्रदान की थी। राजौरी और पुंछ को अनंतनाग संसदीय सीट के तहत किया गया है। इस हिसाब से 90 सदस्यों वाले सदन के तहत जम्मू में अब 43 विधानसभा सीटें होंगी और कश्मीर में इनकी संख्या 47 रहेगी। पाकिस्तानी संसद में पारित हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि कश्मीर मुद्दे का विवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य है और यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडा में काफी समय से लंबित है। इसमें मांग की गई है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना चाहिए और इसके तहत अपनी जिम्मेदारियां पूरी करनी चाहिए। प्रस्ताव में सरकार से कहा गया है कि सरकार को कश्मीर मुद्दे को सभी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर मजबूती से पेश करना चाहिए। इनमें संयुक्त राष्ट्र और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) पर भी इसे उठाने के लिए कहा गया है। पाकिस्तान में शहबाज सरकार बनने के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि दोनों देशों के बीच संबंध सुधरेंगे। बीते दिनों वहां की सरकार द्वारा भारत से व्यापार शुरू करने को लेकर दिखाई गई दिलचस्पी ने रिश्तों में जमी बर्फ को और पिघलाने का काम किया था, मगर पाकिस्तान की फितरत है कि वह अपने स्टैंड पर ज्यादा दिनों तक टिका नहीं रहा सकता, सो इस बार भी ऐसा ही हुआ। भारत से संबंध सुधारने की बात करते-करते वह कश्मीर मसले पर कूद ही पड़ा। यह ठीक वैसे ही है, जैसे इमरान खान ने सत्ता में आने के बाद कहा था कि वे भारत के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने और कश्मीर सहित सभी मसलों को बातचीत के जरिए सुलझाने के पक्ष में हैं। अगर भारत एक कदम बढ़ता है तो हम दो कदम बढ़ेंगे। उनके इस कथन से भारत सहित दुनिया भर में यह संदेश गया था कि पाकिस्तान अब कोई ऐसी नई पहल करेगा जो दोनों देशों के बीच विवादों को सुलझाने में सकारात्मक रुख लिए हुए होगी। लेकिन फिलहाल ऐसा हुआ नहीं। इमरान संबंध सुधारने की बात कहते रहे और राष्ट्रपति आरिफ अल्वी कहते रहे कि कश्मीरी लोगों को %आत्मनिर्णय का अधिकार है। कुल मिलाकर पाकिस्तान का ताजा प्रस्ताव इस बात की ताकीद करता है कि शहबाज सरकार भी कश्मीर मसले पर उसी रुख पर चलने को मजबूर होगी जो अब तक पाकिस्तान का रहा है। भारत का शुरू से दृढ़ मत रहा है कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान को इससे दूर रहना चाहिए।

# नाक में दम करती महंगाई

**वेदप्रताप वैदिक**

मंहगाई यदि इसी तरह बढ़ती रही तो देश में अराजकता भी फैल सकती है। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस समय थोक चीजों के दाम में 15.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। इतनी मंहगाई 31 साल बाद बढ़ी है। इन तीन दशकों में मंहगाई जब थोड़ी-सी भी बढ़ती दिखाई देती थी तो देश में शोर मचना शुरु हो जाता था। संसद में शोर मचने लगता था, सड़कों पर प्रदर्शन होने लगते थे और सरकारों की खाट खड़ी होने लगती थी लेकिन इस वर्ष बढ़ी मंहगाई को लोग दो कारणों से अभी तक बर्दाश्त किए हुए हैं। एक तो कोरोना महामारी की वजह से और दूसरे यूक्रेन-युद्ध के कारण! कोरोना महामारी ने देश के करोड़ों लोगों को लंबे समय तक बेरोजगार कर दिया और यूक्रेन-युद्ध ने तेल की कीमतों में वृद्धि करवा दी। तेल की कीमतें बढ़ीं तो उसके कारण देश में एक जगह से दूसरी जगह जानेवाली हर चीज की कीमत बढ़ गई। भयंकर गर्मी के कारण साग-सब्जी, फलों और दूध की कीमतों ने भी उछाल ले लिया। पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतें इतनी उचका दी गई कि मध्यम-वर्ग के लोग भी हैरान और परेशान हैं। गांव के लोग तो फिर भी चूल्हे-अंगीठी से गुजारा कर सकते हैं और कार व फटफटी की बजाय साइकिल से अपने काम निकाल सकते हैं लेकिन शहरी लोग क्या करें? बसों और मेट्रो के किराए लगभग दुगुने हो गए हैं। आम आदमी की मुसीबतें ज्यादा बढ़ गई हैं। अनाज, दाल, मसालों जैसी रोजमर्रा की चीजें खरीदते वक्त उसके पसीने छूटने लगते हैं। मध्यम वर्ग, कर्मचारी वर्ग और मेहनतकश लोगों की आमदनी तो जस की तस है लेकिन उनका खर्च सवाया-डेढ़ा बढ़ गया है। कुछ लोगों को तो अपना रोजमर्रा का जीवन चलाने के लिए बैंकों से अपनी स्थायी जमा राशियों को तुड़ाना पड़ गया है। लेकिन हमारी तेल बेचनेवाली कंपनियों ने इस दौर में अरबों रु. का मुनाफा कमाया है। जीएसटी की जरिए सरकारों को भी अभूतपूर्व आमदनी हो रही है लेकिन सरकार ने आम जनता को इधर कौनसी विशेष राहत दी है? सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांट रही है, यह तो बहुत अच्छा है लेकिन उसने अपने खर्चे में कौनसी कटौती की है? मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और पार्षदों के वेतन, भत्ते, और तरह-तरह के खर्चों में बचत की क्या जरुरत नहीं है? इसके अलावा यदि थोक चीजों के दाम 15 प्रतिशत बढ़े हैं तो ज़रा बाजारों में जाकर मालूम कीजिए की उनके खुदरा दाम कितने बढ़े हैं? कई चीजों के दाम दुगुने-तिगुने हो गए हैं।

# आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की मौजूदगी में हुआ गोरे तोमर का अन्तिम संस्कार

## -दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 12 बजे तक रुका रहा मृतक का पोस्टमार्टम



**अंबाह।** मंगलवार की रात को अंबाह कस्बे की पोरसा रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर नावली गांव के निबासी एम्बुलैंस चालक गौरव तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अंबाह के पोस्टमार्टम कक्ष में पीएम के लिए रखवा दिया था, जिसके बाद गौरव तोमर के परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो गौरव तोमर के परिजनों सहित घटना स्थल पर करीब एक सैकड़ा लोग एकत्रित हो गए। पुलिस के साथ-साथ आम जनता ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो उसमें हत्यारे का चेहरा दिखाई दिया, जिसके बाद देर रात करीब 01 बजे अंबाह पुलिस ने मिढेला गांव के रिटायर्ड फौजी ऋषिकेष मिश्रा व उसके साथ दो अन्य अज्ञात साथियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया। घटना की सूचना इलाके में आग की तरह फैलती गई सुबह होते होते सिविल अस्पताल में करीब पांच सैकड़ा लोग एकत्रित हो गए, जिसके बाद स्तिथि तनाव पूर्ण बन गइ। इसे देखते हुए अंबाह के आस पास के थानों सहित मुरैना से पुलिस फोर्स सहित अश्रु गैस दागने वाले बज्र वाहन को भी मौके पर तैनात करना पड़ा। जानकारी रहे कि गोरे तोमर और ऋषिकेश मिश्रा पार्टनरशिप में एंबुलेंस चलाने का धंधा कर रहे थे, पिछले कुछ समय से पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के रिश्ते खराब हो गए थे। ऋषिकेश मिश्रा गोरे से अपने पैसों को लेकर आए दिन तगादा करते थे। उस दिन भी शराब ठेके के पास खडे गोरे से ऋषिकेश में पैसे का तगादा किया और 12 बोर की बंदूक से ऋषिकेश ने गोरे पर फायर कर दिए, जिससे गोरे की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपियों को पकड़ने के बाद ही शव का पीएम की बात कही। जब घटना की जानकारी लोगों को मिली तो लोग सुबह से ही अंबाह सिविल अस्पताल में पहुंचना शुरु हो गए, जिसके बाद देखते ही देखते मौके पर करीब पांच सैकड़ा लोग एकत्रित हो गए, जिनकी मांग थी कि घटना की सीसीटीवी फुटेज चैक करवाई जाए, जिसके बाद घटना में मौजूद सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, जिसके बाद ही शव का पीएम किया जाए। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस की समझाईश के बाद परिजन पीएम कराने राजी हुए, जिसके बाद करीब 1 बजे शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया, और शव को ले जा रही एंबुलेंस के पीछे भारी संख्या में पुलिस बल मृतक के गांव नावली पहुंचा जिसके बाद शव का पुलिस की मौजूदगी में अन्तिम संस्कार किया गया।

## अपमिश्रित पनीर बेचने वाले आरोपी को 02 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** अपमिश्रित पनीर को विक्रय करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी अवधेश शर्मा पुत्र रामेश्वर शर्मा, उम्र- 32 वर्ष, निवासी गंजरामपुर मुरैना थाना व जिला मुरैना, मैसर्स बाबा डेयरी नैनागढ रोड मुरैना म.प्र. को खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम 1954 की धारा में दोषी पाते हुये 02 वर्ष के सश्रम कारावास व 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि 02 जनवरी 2008 को खाद्य निरीक्षक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला सागर कैम्प मुरैना विशेष अभियान के तहत निरीक्षण एवं नमूना कार्य करने हेतु नैनागढ रोड मुरैना स्थित बाबा डेयरी पर उपस्थित हुये, वहां पर कार्यरत व्यक्ति को अपने नाम व पद का परिचय देकर जानकारी ली। डेयरी पर कार्य करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम अवधेश शर्मा पुत्र रामेश्वर शर्मा बताया और कहा कि स्वयं ही डेयरी का मालिक है। खाद्य निरीक्षक द्वारा विक्रेता से खाद्य लायसेंस 2007-08 की मांग की, उसके द्वारा नगर पालिका मुरैना द्वारा जारी जो कि 31 मार्च 2008 तक वैद्य हैं, प्रस्तुत किया गया। खाद्य निरीक्षक द्वारा डेयरी का निरीक्षण किया गया, डेयरी में दूध, दही एवं पनीर का निर्माण कर विक्रय किया जा रहा है। पनीर में मिलावट होने की शंका होने से खाद्य निरीक्षक द्वारा विक्रेता से उक्त

## विधायक ने कॉलेज रोड कैलारस से भिलसैया तक सीसी रोड का किया भूमि पूजन

**कैलारस।** जौरा विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार रजौधा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन कर जौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्य स्वीकृत कराए हैं। जिसके तहत जौरा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक डमंर व सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जौरा विधायक ने कैलारस से भिलसैया तक सीसी रोड का भूमि पूजन किया। विदित हो कि इस रोड निर्माण से दर्जनों गांव को शहर में आने के लिए सुविधाएं मिलेंगी। लोगों को गांव से शहर तक आने में घंटों का समय लगता था, रोड का निर्माण हो जाने की वजह से लोगों का समय भी बचेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। भूमिपूजन के दौरान सभी एकत्रित लोगों ने जौरा विधायक सूबेदार सिंह के कार्यों की सराहना की।



## मिशन नगरोदय कार्यक्रम में करोडों के विकास कार्यों व हितलाभ का हुआ वितरण

**झुण्डपुरा।** नगर परिषद झुण्डपुरा मे नगरोदय मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की शुभारंभ कन्या पूजन, सरस्वती पूजन से किया गया। इसके बाद मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक बंसल ने अतिथियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मिशन नगरोदय के अन्तर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर बैग में निशुल्क मूंग दाल का वितरण किया गया जिसमें प्रधानाचार्य कमलेश शर्मा, कल्याण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। पी.एम.स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया गया। इस अवसर पर अमृत 2.0 व स्वच्छता भारत मिशन का शुभारंभ, विकास कार्यों का भूमि पूजन लोकार्पण तथा हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया तथा लाइव प्रसारण द्वारा एक क्लिक से किया गया।



# अनाज व्यापारी से लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, एक फरार, कट्टा एवं कारतूस बरामद

**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत सोमवार की दोपहर दिनदहाड़े नैनागढ़ रोड पर एक अनाज व्यापारी की आंखों में मिर्ची झोंककर 25 हजार रुपए लूटकर भागे 3 बदमाशों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें एक नावालिग शामिल है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कट्टा, खाली कारतूस, मोटरसाइकिल एवं मिर्च वाली पन्नी बरामद की है तथा फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।




पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने दिनदहाड़े शहर में अनाज व्यापारी कालीचरण अग्रवाल पुत्र द्वारिका प्रसाद 65 वर्ष निवासी माधौपुरा गली नंबर 3 के साथ हुई लूट को गंभीरता से लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए। जिस पर से सिटी कोतवाल योगेंद्र सिंह ने स्टेशन रोड टीआई जितेंद्र नगाईच एवं साइबर सेल की मदद से शहर के डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए और फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए पर आरोपी की तलाश में जुट गए। घटनास्थल पर मिले साक्ष के आधार पर पुलिस ने अपनी कार्रवाई की और मुखबिर की सूचना पर से शिकारपुर फाटक के पास एक खंडहर मकान में छिपे आरोपी हरिओम शर्मा निवासी मुड़िया खेड़ा हाल बालाजी पेट्रोल पंप के पास रामनगर मुरैना को गिरफ्तार किया एवं पूछताछ पर उसने अपने दूसरे साथी बाल अपचारी निवासी पानी की टंकी के पास मुरैना एवं दीपक यादव के नाम बताएं, जिस पर से पुलिस ने नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दीपक यादव अभी फरार बताया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का कट्टा, खाली कारतूस के अलावा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मिर्च वाली पन्नी एवं 1400 रुपए नगदी जप्त किए हैं। पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पकड़े गए बदमाश पर 10 हजार रुपए का इनाम पुलिस अधीक्षक द्वारा घोषित किया गया था।

## मिशन अंकुर के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय एफ एल एन शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित

**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत कक्षा 1 और 2 पढ़ाने वाले शिक्षकों का मिशन अंकुर के तहत विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय एफ एल एन शिक्षक प्रशिक्षण 18 मई 20-22 समय सुबह 9 बजे से जनपद शिक्षा केंद्र मैं आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम चरण में 40-40 के 2 बैच प्रारंभ किए गए। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, सभी प्रशिक्षणार्थी समय पर उपस्थित हों एवं शासन के आदेशों का पालन करें यदि कोई प्रशिक्षणार्थी बिना सूचना के प्रशिक्षण स्थल पर अनुपस्थित रहता है तो उसे स्वयं के व्यय पर प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा, साथ ही उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। इस प्रशिक्षण का समय-समय पर प्रदेश के एवं जिले के अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मिशन अंकुर के तहत शिक्षक प्रशिक्षण की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीएसी नवीन प्रताप सिंह जादौन, प्रशिक्षण प्रभारी एवं बीएसी फखरुद्दीन खान, बीएसी केशव शुक्ला, बीएसी रमाकांत शर्मा, श्रीनिवास बघेल, एमटी प्रदीप शर्मा, रघुराज सिंह धाकड़, मनीष पाराशर, सुरेश बघेल आदि ने उपस्थित रहकर शिक्षक प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत चर्चा की।




## गेंहू की पूरी फसल खरीदो, 500 रुपये प्रति ि्ंटल बोनस दो: किसान सभा

**मुरैना।** अधिकांश गेहूं उत्पादक क्षेत्रों में मार्च-अप्रैल में अत्यधिक और बेमौसम गर्म लू के कारण इस वर्ष उत्पादन के 20-25 प्रतिशत की फसल की बर्बादी के कारण किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। इसके बाद भी सरकार ने इस वर्ष 44.4 करोड़ टन गेहूं के घोषित कोटे का आधा भी नहीं खरीदा है। यदि सरकारी एजेंसियां गेहूं की लक्षित मात्रा की खरीद के लिए आगे नहीं आती हैं, तो निकट भविष्य में खाद्य सुरक्षा और आटे व अन्य खाद्यान्नों की कीमतों में भारी वृद्धि का खतरा है। मध्यप्रदेश किसानसभा के उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पादन में गिरावट और उत्पादन लागत में बेलगाम बढ़ोतरी को देखते हुए गेहूं की खरीद के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाए। सरकारी एजेंसियां पर्याप्त संख्या में खरीद केंद्र नहीं खोल रही हैं, जिससे किसानों को उत्पादन में कमी और कम खरीद की दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए, किसानों को इस संकट के समय भी व्यापारियो की शर्तो पर बिक्री करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गेहूं की अपार मांग और कम उपलब्धता के बावजूद भी किसानों की कमाई में कोई बढोत्तरी नहीं हुई है। किसान सभा का कहना है कि यह बोनस उन किसानों को भी दिया जाना चाहिए जो पहले ही अपना गेहूं सरकारी एजेंसियों को बेच चुके हैं। स्थिति का फायदा उठाकर निजी व्यापारी और कॉरपोरेट कंपनियां जमाखोरी व मुनाफाखोरी के लिए भारी मात्रा में गेहूं की खरीद में जुटी हुई है। दूसरी ओर व्यापारी आटे की कीमतों में इजाफा कर रहे हैं और इस तरह कालाबाजारी के माध्यम से भारी मुनाफाखोरी के साथ मौके का फायदा उठा रहे हैं।



# पैथोलॉजी कर्मचारी के बैग से 2 लाख रुपए गायब, पुलिस तलाश में जुटी

**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत बुधवार की दोपहर बैंक ऑफ इंडिया से 5 लाख से अधिक की रकम निकालकर जा रहे पैथोलॉजी कर्मचारी के पिट्ठू बैग से अज्ञात चोर 2 लाख रुपए उड़ा ले गया। थोड़ी देर बाद जब कर्मचारी ने बैग खोला तो 2000 के नोट की एक गड्डी गायब मिली। फरियादी ने कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।

जिला अस्पताल की दुकानों में एमएस रोड पर संचालित एसर पैथोलॉजी पर तैनात कर्मचारी जावेद खान पुत्र असगर खान निवासी राठौर धर्मशाला वाली गली इस्लामपूरा मुरैना बुधवार की दोपहर जीवाजी गंज की पुलिया पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में रुपए निकालने के लिए गया था और रुपए निकालने के बाद उन्हें काउंट करने के लिए एक काउंटर पर खड़ा था, तभी उसकी निगाह एक 18-19 वर्षीय युवक पर पड़ी, जो बिना काम के वहां खड़ा था। जब पहले काउंटर पर रुपए काउंट नहीं हुए तो वह दूसरे काउंटर पर पहुंचा तो वहां भी संदिग्ध लड़का पीछे आ गया। रुपए गिनने के बाद जावेद ने 2000 के नोट की एक गड्डी, 500 के नोट की 7 गड्डी एवं 200 के नोट की गड्डी अपने पिठ्ठू बैग में पीछे रख ली तथा मेन गेट को खोला तो एक व्यक्ति पहले से बाहर खड़ा था तथा पीछे से लड़का आया और टकराते हुए निकल गया। जावेद का कहना है कि इसी दौरान उसके रुपए गायब हुए हैं। जावेद ने बताया कि बैग में पांच लाख 70 हजार रुपए थे। फरियादी ने घटना के बाद आवेदन कोतवाली पुलिस को दिया है। जिसे पुलिस ने जांच में ले लिया है। इस मामले में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदनकर्ता ने जो बात बताई है, उसके अनुसार सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए हैं, लेकिन उसमें ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं दिया है। फिलहाल हम मामले की जांच कर रहे हैं।



# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल मनरेगा कर्मचारी महासंघ की मांगों को पूर्ण करें: विभा अवस्थी

## इस गर्मी की तपती धूप में महिला कर्मचारी एवं उनके बच्चे ,पुरुष कर्मचारी एवं परिवार परेशानी जीवन यापन गुजर रहा है





**अश्वनी अवस्थी स्टेट ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ़**

**रायपुर–** प्रदेश में कर्मचारी हड़ताल पर एवं आम जनमानस, किसान ,कर्मचारी, युवा ,महिला परेशान है,मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 4 अप्रैल 2022 से छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त 28 जिलों के राज्य, जिला, ब्लाक की सभी मनरेगा कर्मी, अधिकारी, कर्मचारी ,ग्राम रोजगार सहायक, अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना प्रदर्शन में बैठे हुए यह केंद्र सरकार की माहिती योजना है जिसमें राज्य सरकार की अहम भूमिका होती है उसके बाद भी इसकी सूचना राज्य सरकार प्राप्त जानकारी होने के पश्चात भी आज दिनांक तक मनरेगा योजना के तहत कार्य मनरेगा कर्मी की 2 सूत्री मांग पूर्ण नहीं किया गया यह सभी कर्मचारी विगत 45 दिनों से प्रदेश के हर ब्लाक में जिला मुख्यालय में आंदोलनरत है धरने पर बैठे हुए। कर्मचारी महासंघ रोजगार सहायक के धरना स्थल गरियाबंद में प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी जी धरना स्थल पंडाल में पहुंचकर इन कर्मचारियों की लंबित मांगों का समर्थन किया और राज्य सरकार से मांग की कि पूरे प्रदेश में कर्मचारी आंदोलन की राह पर चल रहे हैं, उनसे बातचीत करके समस्याओं का समाधान करें और कर्मचारियों को ग्राम पंचायत के ग्रामीणों क्षेत्रों जाकर अपने काम को संचालित करने का आदेश जारी करें इन कर्मचारियों की लंबित मांगों का निराकरण कर सहयोग प्रदान करें इस गरम तपती धूप में पूरे प्रदेश में सभी पुरुष कर्मचारी ,महिला कर्मचारी धरना स्थल पर बैठे हैं परिवार की चिंता खुद के स्वास्थ्य की चिंता सारी चिंताओं को छोड़कर अपने अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि इस तपती धूप में भी असहनीय पीड़ा के साथ सरकार से अपने ही हक की गुहार लगा रहे हैं अपने आपको छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री कहते हुए थकते नहीं है लेकिन जो छोटे करमचारी है मनरेगा के वह सारे 36गढ़िया वर्ग से आते हैं क्या इस मुख्यमंत्री को इनका दर्द नहीं दिखता है जिस प्रकार से लगातार धरने पर बैठे हैं इसे देखकर यह लगता है कि मुख्यमंत्री जी को केंद्र में बैठे लोगों की चिंता है छत्तीसगढ़िया तो सिर्फ नाम मात्र छत्तीसगढ़ी कहलाने के लिए कहा जाता है प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल से निवेदन करती हूं कि मानवीय संवेदना को दृष्टिगत रखते हुए सरकार के नियमों को शिथिल करते हुए इनकी लंबित मांगों का निराकरण करें यही मेरी मांग और मैं इन कर्मचारियों की मांगों का आंदोलन का समर्थन करती हूं

राज सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में इन कर्मचारियों की पूर्व की लंबित मांगों को निराकरण के लिए घोषणा पत्र के माध्यम से उन्हें आश्वस्त किया था इनकी मांगे पूर्ण की जाएगी लेकिन सरकार बनते ही प्रदेश के मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा इन छोटे कर्मचारियों की लंबित मांगों का आज दिनांक तक निराकरण नहीं किया गया नहीं उनकी अन्य मांगों को स्वीकार किया गया जबकि प्रथम प्राथमिकता के साथ मुख्यमंत्री बनते हैं इनकी मांगों को त्वरित निदान करना चाहिए था पर मुख्यमंत्री द्वारा इनकी ओर ध्यान ही नहीं है इसीलिए उनको याद दिला दें की इनकी प्रमुख मांगों में सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को शामिल किया गया था दूसरा नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक रोजगार सहायकों का वेतन मान निर्धारण करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के तहत पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जाना था और भी इन कर्मचारियों की मांगे दिनांक तक पूर्ण नहीं किया गया , इन कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक गया है कुछ लोगों की नौकरी की समय सीमा ऊपर हो गया है जिन्हें अन्य नौकरियों में भी शामिल नहीं किया जाएगा इन कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटक गया है इनके सामने एक प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है उनके भविष्य को लेकर उनके परिवार को लेकर बच्चों के शिक्षा ,परिवार को पालन पोषण और उनकी जरूरतों को पूर्ण करने के लिए आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यह भी एक विकराल समस्या है छोटे कर्मचारियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए जिससे ये पुनः काम पर वापस लौटे और सरकार की व्यवस्था में ग्राम पंचायतों की व्यवस्था में जो बाधाएं आ रही है। ग्रामीण स्तर पर पंचायतों के काम सुचारू रूप से संचालित किए जा सके। मनरेगा में कार्यरत रोजगार सहायकों मांगों को तत्काल पूर्ण करें

## सिरवी इंडिया परिवार संपूर्ण भारत परिवार के साथ साथ समाज का नाम किया रोशन



**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली बिलावास सोजत।** सीरवी समाज कि होनहार प्रतिमा, दीपिका परिहारिया* सुपुत्री खेताराम जी सीरवी, मूलनिवासी गांव बिलावास, अमरतिया रोड़, बेरा रोकी, सोजत सिटी, पाली। दीपिका परिहारिया जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी नीव केम्पस से - बीएससी, एमएससी (वनस्पति विज्ञान) की डिग्री सन 2020 में हासिल की। और उसके बाद दिनाक 23/03/2022 को सीएसआईआर नेट जेआरफ ऑल इंडिया कि 48 वी रेंक हासिल की*। साथ ही अब आप पीएचडी की तैयारी जोधपुर से करने का फॉर्म भरा है । सुश्री दीपिका परिहारिया बहुत ही होनहार एवं मेघावी छात्रा है, आप शिक्षा के साथ साथ संगीत क्षेत्र में भी रुचि रखते हैं,एक सिंगर भी है।आपको इस उपलब्धि पर आपको चेत बंदे पत्रिका परिवार/सीरवी समाज डॉट कॉम परिवार/राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति परिवार व अखिल भारतीय सीरवी समाज की तरफ से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं नशुभकामनाएं, माता जी से प्रार्थना करते हैं आपकी पीएचडी जल्द पूर्ण हो और डॉक्टर की उपलब्धि हासिल हो। आपको उज्जवल भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाई द्यद्य ये जानकारी दिनेश सोलंकी द्वारा दी गई।

## राजस्थान में अधिकतम पारे में गिरावट, लोगों को मिली गर्मी से राहत

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकतर स्थानों पर अधिकतम पारे में गिरावट और लू खत्म होने से प्रदेशवासियों को गर्मी से हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीगंगानगर 45.1 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। धौलपुर में पारा 44.7 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 44 डिग्री, पिलानी में 43.9 डिग्री, सवाई माधोपुर में 43.5 डिग्री, अलवर में 43.3 डिग्री, कोटा में 42.8 डिग्री, जैसलमेर में 42.6 डिग्री, अलवर-बीकानेर-बूंदी में 42.5-42.5 डिग्री सेल्सियस और अन्य स्थानों पर 42 से 38.6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

## मारूति मेडिकल द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री का किया वितरण



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर –**मारुति मेडिकल्स द्वारा संचालित विद्या सुरक्षा योजना के तहत बुधवार को वेंकटेश्वरा नगर मैं मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री पेन नोट बुक्स खेल साम्रगी का वितरित करके विद्यार्थियों का मनोबल बढाया।विद्यार्थियों ने शिक्षण साम्रगी से खुश होकर महेंद्र मुणोत को धन्यवाद दिया । इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व पदाधिकारीओं ने मुणोत को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया

## दतिया में डॉ सुकण भैया ने निभाया बड़े भाई का फर्ज बहन को दिया गृहस्ती का पूरा सामान

### गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दतिया की बिटिया संगीता अहिरवार की शादी में दिया पूरा गृहस्ती का सामान



**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजलीं टुडे**

बुधवार को मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री दतिया विधायक डॉ नरोत्तम मिश्रा ने सपा पहाड़ पर गरीब परिवार से देवीदयाल अहिरवार पुत्री संगीता अहिरवार की शादी में कूलर डबलबेड अलमारी एलसीडी फ्रिज और बर्तन आदि शादी की सामग्री देकर शादी की शुभकामनाएं दी भाजपा युवा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा ने बड़े भाई का फर्ज निभाते हुए आज अपनी बहन संगीता अहिरवार के घर पहुंच कर शादी समारोह में शामिल हुए और गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के द्वारा गिफ्ट में दिया हुआ सामान अपनी बहन संगीता को भेंट किया और बहन के चरण छूकर आशीर्वाद लिया

इस मौके पर पूर्व विधायक आसाराम अहिरवार भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह महामंत्री अंकित शर्मा जिला महामंत्री जिला महामंत्री रिंकू बुंदेला कौशल यादव मनीष अहीरवार साथ में मौजूद रहे

## अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 18 मई पर सरकार से मांग कि प्राचीन मूर्तियों का हो संरक्षण।



**अंबाह।** इतिहास को सहेजने का काम विश्वभर के संग्रहालय बखूबी कर रहे हैं। दुनियाभर में मौजूद संग्रहालयों के महत?व को देखते हुए हर साल 18 मई %इंटरनेशनल म्यूजियम डे% मनाया जाता है।अगर हम किसी भी शहर या देश को एक?सप?लोर करना चाहते हैं, तो सबसे पहले उस शहर के संग्रहालय का रुख करते हैं। संग्रहालय की मदद से किसी कल?चर और उसके इतिहास को जानना आसान हो जाता है। यहां हमें अपनी जानकारी को बढ़ाने के लिए कई चीज़ें उपलब?ध होती हैं, जो इतिहास से लेकर भुगोल और विज्ञान की भी जानकारी को बहुत ही सरल माध?यम से हमें समझा सकते हैं।इस तरह कहा जा सकता है कि इतिहास को सहेजने का काम विश्वभर के संग्रहालय बखूबी कर रहे हैं। भारत में विशेष रुप से निशुल्क प्रवेश के साथ, लोगों के दर्शन के लिए भी आमंत्रित किया जाता है, पर आज यह दिन हमें इन संग्रहालयों के दर्शन से एक बात सामने दिखाता है कि क्या देश की संस्कृति , विरासत के संवर्धन और सुरक्षा में , हमारी सरकारें, प्रशासन क्या पूरी तरह कटिबद्ध है ।वर्धमान मंडल अंबाह के सौरभ जैन वरेह वालों ने बताया कि आज आपको कुछ ऐसे चित्र दिखाएंगे , जिन्हे देख कर आपको जरूर तकलीफ होगी। हिंदू प्रतिमा,जैन तीर्थंकरो, बौद्ध प्रतिमाओं को शो पीस बना कर म्यूजियम के बाहर लगा देना, क्या उनका पूरा सम्मान है । हिंदू देवी देवता, जैन तीर्थंकरों की प्रतिमा, अनेक संग्रहालयों में अंदर रखने के साथ, बाहर भी, खुले में इस तरह रखी हैं , कि उन पर गर्मी, सर्दी, बरसात, आंधी , तूफान से उनका संरक्षण नहीं, क्षरण होता रहा है। यह चिंतनीय है , कि इस तरफ बाहर रखी प्रतिमाओं पर किसी का ध्यान नहीं गया।

## नई पेंशन वृद्धावस्था पेंशन से भी कम, पुरानी पेंशन बहाल हो : गगन शर्मा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** 18 मई को पूरे प्रदेश में न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के तत्वाधान में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को जिले के कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया इसी क्रम में भिंड जिले में एमपीएस प्राप्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने जिला एडीएम महोदय प्रवीण फुल पगारे जी को पुरानी पेंशन बहाल कराने हेतु ज्ञापन दिया गया। उक्त ज्ञापन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भागीदारी की इस अवसर पर संघ के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष धीरज शुक्ला संभागीय संरक्षक गिरिराज सिंह भदोरिया, संभागीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सेंगर जिला अध्यक्ष गगन शर्मा, महिला कार्यकारी अध्यक्ष उषा दीक्षित, संतोष यादव, जिला संरक्षक अशोक चौहान, राम सजीवन भारद्वाज, राजकुमार सोनी अमित भारद्वाज जिला मीडिया प्रभारी, मनीष मिश्रा सुरेंद्र सिंह कुशवाह, जिला सचिव मुकेश राठौर, अजय भाटिया, जितेंद्र सिंह राठौर, जिला सह सचिव मयंक खंडेलवाल, आलोक सिंह भदोरिया नवीन शाक्य मनीष यादव, शुभम दीक्षित, श्रीमती शुभम राजावत, राजकुमारी दोहरे रमा जादौन एवं बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सबकी केवल 1 सूत्रीय मांग रही की बाजार पर आधारित पेंशन एनपीएस को बंद किया जाए एवं भरोसेमंद विश्वसनीय पुरानी पेंशन ओ पी एस बहाल किया जाए।

## गौ रक्षा के लिए चल रहे 51 कुंडीय महायज्ञ की हुई पूर्ण आहुति

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**–रावतपुरा सरकार के समीप स्थीत ग्राम वेहटा के सिद्ध वावा आश्रम पर चल रहे 9 दिवसीय 51 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ आज पूर्ण आहुती के साथ संपन्न हुआ। प्रधान कुंड पर आश्रम के संत विद्या तीर्थ महाराज ने यज्ञ भगवान को पूर्ण आहुति समर्पित की महायज्ञ में गौ रक्षा विश्व कल्याण के लिए 11 लाख आहुतियां डाली गई यज्ञ आचार्य पंकज पाराशर ने यजमानो से शास्त्रोक्त विधि द्वारा यज्ञ का कर्म कांड संपन्न करवाया पं श्री अशोक चौबे ने श्रद्धालुओ को भगवत कथा का रसपान कराया प्रतिदिन रात्री मे रामलीला का आयोजन चला यज्ञ की पूर्ण आहुति के वाद विशाल भंडारा हुआ जिसमें सैंकड़ो साधु संतों के साथ लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया गौ रक्षक यज्ञ प्रवनधक संतोष चौहान ने हजारों श्रध्दालुओं को गौ रक्षा गौ सेवा का संकल्प दिलाया।।



# मध्यान्ह भोजन में लगी महिलाओं ने गोहद में निकाली रैली एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**गोहद।** गुड्डी बाई माहोर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद से प्राप्त जानकारी अनुसार गोलंबर पर मध्यान भोजन में कार्यरत महिलाएं एकत्रित हुई अपनी मांगों को लेकर सैकड़ों महिलाओं ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले रैली निकाली नारेबाजी की एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया गया उनकी अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम गोहद एसडीएम को ज्ञापन दिया गया इस मौके पर सैकड़ों महिलाएं दूरदराज गांव से शामिल हुई इससे पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 18 मई बुधवार को सैकड़ों महिलाएं पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने परिसर में एकत्रित हुई उपस्थित महिलाओं को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर किसान सभा सहायक जिला सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाह किसान नेता राजेंद्र सिंह कुशवाह युवा नेता भूपेंद्र सिंह गुर्जर एवं रशीद खान के अलावा अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर ने संबोधित किया सभी ने राज्य सरकार की तीखी आलोचना की और कहा मध्यान भोजन में लगी महिलाओं को न सिर्फ नियमित किया जाए बल्कि उन्हें फिलहाल कलेक्ट्रेट रेट का भुगतान किया जावे साथ में आकस्मिक एवं अर्जित अवकाश तथा हाजिरी रजिस्टर पर हाजिरी सेवानिवृत्त पर ग्रेच्युटी एवं पेंशन का लाभ के अलावा इन सभी महिलाओं को कामगार योजनाओं का लाभ खाद्यान पात्रता पर्ची के साथ अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिए जाने की मांग सभी वक्ताओं व्दारा की गई सभी वक्ताओं ने राज्य सरकार एवं प्रशासन को चेताया कि इस तरीके से शोषण चलता रहा इन्हें कलेक्ट्रेट रेट का भुगतान नहीं किया गया तो आगामी दिनों में इन महिलाओं द्वारा संघर्ष को तेज किया जावेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार की होगी इस मौके पर किसान नेता मुन्ना लाल कुशवाहा नारायण शर्मा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर के अलावा रमकाबाई , चमेली बाई सरोज श्रीवास लक्ष्मी बाई बादामी बाई त्रिवेणी कुशवाहा प्रकाशबती मीरा प्रजापति राजकुमारी प्रेमबती प्रजापति राजकुमारी राठौर पुष्पा माहौर सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं ।

रजिस्ट्रेशन के बाद भी इन कंपनियों ने अपने व्यापार का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया

# 1000 कंपनियों पर गिरेगी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज की गाज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में रजिस्ट्रेशन के बाद भी ऐसी कंपनियां काम कर रही हैं जिन्होंने अपना व्यापार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया है। प्रदेश की ऐसी 1000 कंपनियों पर अब रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) की गाज गिरने वाली है। ऐसी सभी कंपनियां जिन्होंने रजिस्ट्रेशन के बाद भी अपने व्यापार का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया है, उन्हें आरओसी पूरी तरह से बंद कर देगी।

कंपनी कानून की धारा 252 के अंतर्गत कंपनियों को बैलेंस शीट, वार्षिक वित्तीय विवरण सहित अपने व्यापार का प्रमाण-पत्र भी देना होता है। इससे पूर्व बैलेंस शीट और वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत नहीं करने वालीं प्रदेश भर की 1003 कंपनियों का स्ट्राइक ऑफ किया जा चुका है। इसी कड़ी में अब व्यापार प्रमाण-पत्र नहीं देने वाली कंपनियों की बारी है। आरओसी की ओर से लिए जाने वाले एक्शन में ऐसी सभी कंपनियों को नोटिस जारी करना प्रारंभ कर दिया गया है। ये सभी नोटिस कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के सचिव राजेश वर्मा आइएएस और डायरेक्टर जनरल कॉरपोरेट अफेयर्स एसएस जुनेजा की ओर से दिए गए दिशा-निर्देशों के बाद दिए गए हैं। हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में इस संबंध निर्णय लिए गए थे।

### समाज सेवा का आड़ में व्यापार करने वाली कंपनियां राडार पर

समाज सेवा की आड़ में व्यापार कर लाभ कमाने वाली एनबीएफसी कंपनियां भी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के राडार पर हैं। कंपनी कानून की धारा 8 के अंतर्गत ऐसी कंपनियां धर्मार्थ बनाई जाती हैं। इस तरह की कंपनियां शिक्षा, समाजसेवा, खेलकूद आदि के लिए बनवाया जाता हैं और इनकी आड़ में कुछ लोग गलत काम करते हैं। इन पर लगाम लगाने ऐसी सभी कंपनियों की जांच करने के बाद एक्शन लिया जाएगा। ऐसी करीब 100 से अधिक कंपनियां इसमें शामिल होंगी।

### इनका कहना है

कंपनियों को रजिस्ट्रेशन के बाद अपना व्यापार प्रमाण-पत्र देना होता है। प्रदेश की ऐसी 1000 कंपनियों ने प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं। ऐसी सभी कंपनियों को बंद किया जाएगा। इसके लिए नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही समाज सेवा की आड़ में व्यापार कर लाभ कमाने वाली कंपनियां भी हमारे राडार पर है।

**मुकेश कुमार सोनी, उप कंपनी रजिस्ट्रार, मप्र**

## ब्यावरा में संघ का बड़ा प्रशिक्षण वर्ग 4 को

भोपाल। राजगढ़ जिले के ब्यावरा में मध्य भारत प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग के तहत प्रथम वर्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम होने जा रहा है। इसमें मध्य भारत प्रांत के 340 स्वयं सेवकों को प्रथम वर्ष प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही 4 जून को प्रकट कार्यक्रम होगा, जिसमें 25 हजार लोग कार्यक्रम देखने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गणवेश में शामिल होंगे। इस सबके बीच संघ के सह सरकार्यवाह मोनमोहन वैद्य आज कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## 22 हजार से ज्यादा डाक्टरों ने नहीं कराया पुन: सत्यापन

### अब 15 जून तक का दिया समय



**भोपाल।** प्रदेश के 22 हजार से ज्यादा डाक्टरों ने मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में अपने पंजीयन का दोबारा सत्यापन नहीं कराया है। इसकी वजह कई डाक्टरों का एमबीबीएस के आधार पर पंजीकृत होना है। जबकि कई ने एमडी-एमएस और सुपर स्पेशियलिटी कोर्स भी कर लिया है और वे इसी आधार पर प्रैक्टिस कर रहे हैं, लेकिन इन्होंने मेडिकल काउंसिल में अपनी नई डिग्री नहीं जुड़वाई। इसमें कई सरकारी चिकित्सक भी शामिल हैं। इक्का-दुक्का चिकित्सकों के तो नाम भी गलत दर्ज हैं। वहीं तकनीकी दिक्कत यह भी है कि आठ से 10 बार प्रयास करने के बाद भी कई चिकित्सकों का सत्यापन नहीं हो पाया है। इस वजह से 55 हजार पंजीकृत चिकित्सकों में से अब तक सिर्फ 22 हजार 500 ने ही सत्यापन कराया है।

उधर, बड़ी संख्या में डाक्टरों का सत्यापन न होने से मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल ने चौथी बार पुन~ सत्यापन की तारीख बढ़ाकर 15 जून कर दी है। इसके बाद तारीख नहीं बढ़ाई जाएगी। पहले यह अवधि 15 मई को खत्म हो गई थी। उल्लेखनीय है कि सत्यापन नहीं कराने वाले चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। अब पंजीयन निलंबित करने के संबंध में समाचार पत्रों में विज्ञापन भी जारी करने की तैयारी है। यह प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हुई थी। चिकित्सकों को इसके लिए एक महीने का समय दिया गया था। यह काम एमपी आनलाइन के माध्यम से किया जा

### चार हजार डाक्टरों की मौत, फिर भी पंजीयन जीवित

मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में अभी 55 हजार चिकित्सकों का पंजीयन है। इनमें से करीब चार हजार डाक्टरों की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी काउंसिल में उनका पंजीयन जीवित है।

17 सौ से ज्यादा अवैध कॉलोनियों में रहने वालों को मिलेगा लाभ

# प्रदेश की अवैध कॉलोनियों को स्थायी बिजली कनेक्शन देने की तैयारी

**भोपाल।** चुनावी साल में सरकार अवैध कॉलोनियों के बिजली कनेक्शन स्थाई करने जा रही है। इसका लाभ प्रदेश की 17 सौ से ज्यादा अवैध कॉलोनियों को मिलेगा, जहां 70 हजार बिजली कनेक्शन स्थाई कर दिए जाएंगे। सरकार ने इसका मसौदा तैयार कर लिया है और विद्युत नियामक आयोग ने नियमों में संशोधन कर विधि विभाग को मसौदा भेज दिया है। गजट नोटिफिकेशन जल्दी जारी हो सकता है। अवैध कॉलोनियों में रह रही बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाला सरकार का ये फैसला निकाय चुनाव को देखते हुए लिया गया है। सरकार की ओर से दी जा रही ये राहत अवैध कॉलोनियों में रह रहे लोगों के लिए उम्मीद भी है कि जब बिजली कनेक्शन स्थाई होगा. कॉलोनियों के वैध होने में भी अब बहुत देर नहीं है. सवाल ये भी कि शहर सरकार को ध्यान में रखकर चुनाव के पहले लिया गया ये फैसला कितना असर दिखाएगा।



### एक लाइन और खंभा-एक परिवार डेढ़ लाख खर्च

कांग्रेस की निगाह में अचानक अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों पर ये राहत की बरसात बीजेपी के चुनावी स्टंट से ज्यादा कुछ नहीं है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और विभागीय अफसरों ने इसके लिए पूरे प्रदेश में सर्वे कराया. इस सर्वे में बिजली लाइन और खंभों का कॉस्ट कैलकुलेशन कर पता चला कि एक परिवार को एक किलोवॉट का कनेक्शन देने पर करीब डेढ़ लाख रु. खर्च होते हैं. इसके बाद पिछले साल दिसंबर में पावर मैनेजमेंट कंपनी ने नियामक आयोग में याचिका दायर की थी. उस पर सुनवाई के बाद आयोग ने संशोधन किया. अभी तक ये प्रावधान था कि अगर प्राइवेट कॉलोनियों में कॉलोनाइजर इलेक्ट्रिफिकेशन नहीं कराते तो स्थाई कनेक्शन नहीं दिया जाता था. दस्तावेज के अभाव में भी लोग बढ़ी कीमत देकर टेम्परेरी कनेक्शन पर बिजली इस्तेमाल करते थे. इस लिहाज से देखिए तो बड़ी राहत की खबर है. पर बीजेपी सरकार का ये कितना अचूक सियासी दांव है, अभी कहना मुश्किल है।

### ये एक पंक्ति की सूचना नहीं

प्रदेश की बड़ी आबादी के लिए ये राहत के साथ उम्मीद की खबर है. राहत ये कि अब अवैध कॉलोनियों में रहते हुए भी उन लोगों को बिजली कनेक्शन मिल जाएगा. इससे बिजली की दोगुनी कीमत चुकाने से राहत मिलेगी और उममीद ये कि इस फैसले के साथ अवैध कॉलोनियों के वैध हो जाने का रास्ता खुल जाएगा।

### 17 सौ कॉलोनियों को लाभ

प्रदेश की 1700 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों में लगे 70 हजार अस्थाई बिजली कनेक्शन जल्द स्थाई हो जाएंगे. स्थाई बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत नियामक आयोग ने नियमों में संशोधन कर मसौदा विधि विभाग को भेज दिया है. गजट नोटिफिकेशन भी इसी हफ्ते आ सकता है।

## पोस्ट ऑफिस से पार्सल भेजना अब होगा और भी आसान



### डाक विभाग अब लोगों को देने जा रहा नई सुविधा शुरू

**भोपाल।** डाकघर के माध्यम से पार्सल भेजने वाले लोगों के लिए डाक विभाग जल्द ही नई सुविधा शुरू करने जा रहा है। अब विभाग लोगों के पार्सल को स्वयं की पैक करेगा। यही कारण है कि सुविधा शुरू होने के बाद लोगों को पार्सल पैकिंग की झंझट से मुक्ति मिलने वाली है। सुविधा शुरू होने के बाद आप सिर्फ पार्सल लेकर डाकघर जाएंगे और पैकिंग डाक कर्मचारी ही कर देंगे। जल्द ही विभाग यह सुविधा शुरू की जा रही है। डाक विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अभी प्रदेश के बड़े डाकघरों में यह सुविधा शुरू की गई है। जल्द ही मुख्यालय के डाकघर में यह सुविधा शुरू होगी।

पार्सलों को विभिन्न साइज के कागज में पैक करने के साथ बीओपीपी टेप लगाया जाएगा। इससे पार्सल के भीतर की वस्तुएं डिस्पेच एवं वितरण के समय क्षतिग्रस्त नहीं होंगी। पार्सल की अतिरिक्त पैकिंग के लिए बबल वैप एयरबैग या गत्ते का उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि नई पॉलिसी के अनुसार विभाग पैकिंग से पार्सल को इस तरह सुरक्षित किया जाएगा कि किसी भी स्थिति में पार्सल को नुकसान न हो।

### पुख्ता होगी सुरक्षा व्यवस्था

नई व्यवस्था से लोगों को तो सुविधा मिलेगी साथ ही इस बात का भी पता चल जाएगा कि कौन सी चीज पार्सल की जा रही है। दरअसल अभी लोग घर से ही पार्सल की पैकिंग करके लाते हैं। ऐसे में यह नहीं पता चल पाता कि पार्सल में कौन सी वस्तु है। इससे कई बार सुरक्षा को भी खतरा रहता है। अब वह समस्या भी दूर हो जाएगी।

## 22 मई को होने वाली स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस आगे बढ़ने के आसार

### कोर्ट ने आवेदन की लिंक फिर खोलने का दिया आदेश

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग (पीएससी) स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 मई को आयोजित करने जा रहा है। कोर्ट ने आदेश दे दिया है कि रोजगार पंजीयन की अनिवार्यता खत्म कर अन्य राज्यों के उम्मीदवारों को आवेदन दाखिल करने के का समय और दिया जाए। हालांकि बुधवार सुबह तक परीक्षा की तिथि में आयोग ने फिलहाल बदलाव करने या हाई कोर्ट की ओर कोई निर्देश मिलने से इन्कार कर दिया है।

परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि परीक्षा आगे बढ़ जाएगी। अन्य प्रदेश के अभ्यर्थियों द्वारा हाई कोर्ट में लगाई गई याचिका पर मंगलवार को मप्र हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद सुरक्षित रख लिया था। बुधवार सुबह कोर्ट ने इस मामले में आदेश जारी कर दिया। मध्य प्रदेश स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस की परीक्षा के आवेदन के लिए मध्य प्रदेश के अनिवार्य रोजगार पंजीयन की बाध्यता को बाहरी उम्मीदवारों ने चुनौती दी थी। दरअसल पीएससी ने आवेदन जमा करने के लिए रोजगार पंजीयन देना अनिवार्य कर दिया है। बाहरी उम्मीदवारों के पंजीयन देना मुमकिन नहीं हैं। राज्यसेवा परीक्षा में भी यह मुद्दा हाई कोर्ट तक पहुंचा था। इस पर कोर्ट ने रोजगार पंजीयन क खत्म करने का आदेश दिया था। पीएससी ने इसके बाद रोजगार पंजीयन की अनिवार्यता खत्म कर फिर से आवेदन का एक और हुए लिंक फिर से खोल दी थी। इस पर स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस के उम्मीदवार भी हाई कोर्ट पहुंचे थे।

# बीच सड़क पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या, हमलावर फरार

**भोपाल।** टीला जमालपुरा इलाके में मंगलवार रात एक युवक की सरेराह चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का कारण और आरोपितों के बारे में फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में बाइक सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। वह काफी दूर से उसका पीछा कर रहे थे।

घटनास्थल पहुंचकर उन्होंने चाकू से युवक पर ताबड़तोड़ वार किए और भाग निकले। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपितो की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बैरागढ़ इलाके में रहने वाला वसीम उर्फ बशीर (30) भारत टाकीज स्थित एक होटल में काम करता था। मंगलवार को वह रोजाना की तरह ई-रिक्शा में बैठकर टीला जमालपुरा पहुंचा। रिक्शे से उतरने के बाद वह बस पकड़ने के लिए स्टाप की तरफ जा रहा था।

करीब 50 मीटर आगे जाकर वह साई मंदिर के पास पहुंचा, तभी पहले से मोटर सायकिल पर खड़े दो युवकों ने उसे रोक लिया। बशीर कुछ समझ पाता, इसके पहले एक युवक ने उसके सीने में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए और दोनों वहां से भाग निकले। चाकू लगते ही बशीर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### पहले से पीछा कर रहे थे बाइक सवार हमलावर

घटना के बाद पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो पता चला कि बाइक सवार दो अज्ञात युवक काफी पहले से उसका पीछा कर रहे थे। बशीर रोजाना इसी प्रकार ई-रिक्शा और फिर बस पकड़कर घर पहुंचता था। अनुमान है कि आरोपित को इसकी जानकारी पहले से रही होगी। फुटेज से पता चला है कि बाइक सवार दोनों युवक पहले रिक्शे के पीछे देखे गए हैं। कुछ देर बाद वही बाइक सवार दोनों युवक बशीर के मौके पर पहुंचने से पहले उसका इंतजार करते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपितो की पहचान के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## फुटपाथ पर सो रही दो महिलाओं को कार ने कुचला

**भोपाल।** शहर के चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में बीती रात फुटपाथ पर सो रही दो महिलाओं को तेज गति से कार ने कुचल दिया। हादसे में दो महिलाएं बुरी तरह से घायल हो गईं, वहीं कार भी पलट गई। घायल महिलाओं को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चूनाभट्टी पुलिस के मुताबिक एसयूवी की चपेट में मुन्नी और सुशीला नाम की दो महिलाएं आ गईं। एसयूवी भी थोड़ा आगे जाकर पलट गई।

## दिव्यांग महिला की समस्या सुनने घुटने पर बैठीं डिप्टी कलेक्टर



**भोपाल।** जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में अधिकारी की संवेदनशीलता को देख लोग गदगद हो गए। एक दिव्यांग महिला अपनी समस्या लेकर पहुंची थी। वह कुर्सी पर नहीं बैठ पाई, तो उनकी समस्या सुनने के लिए डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे घुटने के बल जमीन पर ही बैठ गईं। शाहजहांनाबाद निवासी दिव्यांग महिला ऊषा धनवाद ने उन्हें बताया कि 20 क्वार्टर पुलिस लाइन के पास उनकी झुग्गी है। जिसे पुलिस द्वारा हटाने की कोशिश की जा रही है। मुझे रहने के लिए अलग से कोई निवास स्थान दिलवाएं। डिप्टी कलेक्टर ने उनकी समस्या को सुनने के बाद तुरंत नगर निगम के अधिकारी को हाउसिंग फार आल के तहत महिला को इडब्ल्यूएस मकान दिलाने के निर्देश दे दिए।

## दलित दूल्हे की बारात का मस्जिद के सामने युवकों ने कराया साउंड बंद, किया पथराव, 8 पर एफआईआर

**राजगढ़।** जिले के जीरापुर कस्बे में मस्जिद के सामने से दलित दूल्हे की बारात निकलने पर साउंड बंद करवाया और जब बारात माता मंदिर के समीप पहुंची तो उस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

मंगलवार देर रात को माताजी मोहल्ले में मदनलाल मालवीय के यहां सुसनेर से बरात आई थी। मदनलाल की बेटी का विवाह हो रहा था। इसी के तहत मस्जिद के सामने से बारात को निकलना था। तब ही कुछ लोगों ने कहा कि यहां साउंड नही बजाना है तो बारात ने साउंड बन्द कर लिए। मस्जिद से आगे बढ़कर जब बारात माता जी के मन्दिर के समीप पहुंची तो समुदाय विशेष के कुछ लड़कों ने बारात पर पथराव कर दिया। साउंड सिस्टम व डोल को बंद करने को लेकर असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर फेंके गए। स्थिति को देखते हुए वर पक्ष के लोगो ने 100 डायल को काल किया। पथराव के कारण बारात में शामिल राहुल पिता लक्ष्मीनारायण राव, हरिओम पिता दिनेश गेहलोत सुसनेर व अनोखबाई मालवीय मोड़ी घायल हुए। इन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

पिछले साल 42 बाघों की मौत हुई थी और इस साल साढ़े चार माह में 18 बाघ मर चुके हैं

# प्रदेश में बढ़ रहा बाघों का शिकार, फाइलों में कैद स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स

भोपाल। वर्ष 2018 के बाघ आकलन के अनुसार मध्य प्रदेश में देश के सबसे ज्यादा (526) बाघ हैं। मध्य प्रदेश में बाघों की सुरक्षा के दावे भी किए जाते हैं, पर असल स्थिति कुछ और ही है। प्रदेश में बाघों की मौत के आंकड़े साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। पिछले साल 42 बाघों की मौत हुई थी और इस साल साढ़े चार माह में 18 बाघ मर चुके हैं। इस गंभीर संकट के बीच सरकारी व्यवस्था का यह आलम है कि बाघों की सुरक्षा के लिए एक दशक में भी स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का गठन ही नहीं हो पाया। जबकि केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 में कान्हा, बांधवगढ़ और पेंच टाइगर रिजर्व में फोर्स गठित करने की सलाह दी थी। वह 100 प्रतिशत फंड देने को भी तैयार थी, लेकिन वर्चस्व खोने के डर से राज्य सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसके लिए यह शर्त रखी गई थी कि तीनों टाइगर रिजर्व में क्षेत्र संचालक (फील्ड डायरेक्टर) केंद्र सरकार नियुक्त करेगी। ऐसे में राज्य सरकार का दखल नहीं रहता। केंद्र सरकार की योजना के अनुसार इनमें सशस्त्र बल तैनात होना था। बाघों की संख्या को लेकर मप्र का मुकाबला कर्नाटक से है, वहां वर्ष 2012 में ही फोर्स का गठन किया जा चुका है।



### पुलिस बल भी नहीं मिल रहा

वन विभाग को पुलिस बल भी नहीं मिल रहा है। पुलिस मुख्यालय साफ कह चुका है कि पार्कों को देने के लिए पुलिसकर्मी नहीं हैं। ऐसे में वन विभाग ने वनरक्षक और वनपाल को फोर्स में रखने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है। तीन साल पहले एक प्रस्ताव बनाया गया था। उसके अनुसार तीनों पार्कों में एक-एक कंपनी तैनात की जानी है। प्रत्येक कंपनी में 112 सुरक्षाकर्मी होंगे। इसमें 18 से 25 साल के 24 वनरक्षक और 34 वनपाल रहेंगे। यह प्रस्ताव तीन साल से मंत्रालय में पड़ा है। उल्लेखनीय है कि फोर्स का गठन न होने पर वर्ष 2018 में आरटीआइ कार्यकर्ता अजय दुबे ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई। इसके बाद 16 अक्टूबर 2019 को वन विभाग ने प्रस्ताव में संशोधन कर गृह विभाग को भेजा। प्रस्ताव करीब सवा साल गृह विभाग में पड़ा रहा। फिर वन सचिवालय को लौटा दिया। अब नोटशीट अलमारी में कैद है।

## इंदौर पुलिस ने रात्रि में ''ऑपरेशन प्रहार

### अभियान के तहत 1656 गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की कार्यवाही

**भोपाल।** पुलिस आयुक्त इंदौर नगरीय हरिनारायणचारी मिश्र के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 17 एवं 18 मई 2022 की रात को विभिन्न टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध गतिविधियां संचालित करने वाले, शराब बेचने वाले, मादक पदार्थ बेचने वालों एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले गुंडे बदमाशों के विरुध्द एक विशेष सर्च ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन में 85 स्थायी वारंट एवं 419 गिरफ्तारी/जमानती वारंट तामील किए गए। माननीय न्यायालय के लंबित 338 संमंस तामील, 224 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। रात में अवैध शराब बेचने वाले 32 आरोपी, आर्म्स एक्ट के 11, एनडीपीएस एक्ट के तहत 10, जुआ सट्टा खेलने वाले 06 आरोपी तथा विभिन्न प्रकरणों में फरार 78 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों के लंबित 32 नोटिस भी तामिल किए गए। रात्रि में ही जिला धार के ग्राम किरावली में दबिश देकर आठ वाहन चोरों को पकड़कर उनके कब?जे से 18 दोपहिया वाहन भी पुलिस ने जब?त किए हैं। 413 सूचीबद्ध गुण्डे, निगरानी बदमाश, संदिग्धों की भी सघन चैकिंग की गई।

# ग्वालियर के 1,07,587 किसानों के खातों में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पहुँचाई 21.52 करोड़ की राशि

## अन्न दाताओं के समग्र कल्याण व सम्मान के लिए सरकार कटिबद्ध प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

## किसान प्राकृतिक खेती अपनाएँ, सरकार हर संभव मदद करेगी : श्री भारत सिंह कुशवाह






ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को ग्वालियर जिले के एक लाख 7 हजार 587 किसानों के खातों में लगभग 21 करोड़ 52 लाख रूपए की धनराशि पहुँचाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रीवा में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के जरिए मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रदेश भर के 82 लाख 38 हजार कृषक परिवारों के खातों में 1783 करोड़ 9 लाख रूपए की राशि पहुँचाई। इसमें ग्वालियर जिले के किसान भी शामिल हैं। ग्वालियर में यहाँ कृषि विज्ञान केन्द्र में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में किसानों को लाभान्वित कराने के लिये जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने की।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में वेब कास्टिंग के जरिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान के उदबोधन का सीध प्रसारण हुआ। जिसे जिले के किसानों ने देखा और सुना। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव व उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी तथा किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री गिर्राज व्यास सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। साथ ही अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा व श्री इच्छित गड़पाले, उप संचालक कृषि श्री एम के शर्मा तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री राज सिंह कुशवाह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अन्न दाताओं के समग्र कल्याण एवं सम्मान के लिये कटिबद्ध है। सरकार किसानों की आमदनी बड़ाने के लिये पूरी शिद्दत के साथ काम कर रही है। सरकार किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत आर्थिक मदद देने के साथ-साथ सिंचाई सुविधाओं के विस्तार में जुटी है। श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2003 में जहां मात्र 7 लाख हैक्टेयर रकबे में सिंचाई होती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भक्तिमती शबरी और 'निषादराज गुह्य' लीलाओं का मंचन 19 व 20 मई को

### जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में होगा मंचन

ग्वालियर। श्रीराम कथा साहित्य में वर्णित वन चरितों पर आधारित दो विशिष्ट लीलायें ÷भक्तिमती शबरी÷ और 'निषादराज गुह्य' का मंचन ग्वालियर में होगा। राज्य शासन के संस्कृति विभाग ने यह नाट्य लीलाएँ तैयार कराई हैं। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन वनवासी लीलाओं का मंचन कराया जा रहा है। इस क?ी में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के गालव सभागार में 19 व 20 मई को सायंकाल इन लीलाओं का मंचन होगा। भक्तिमती शबरी लीला का मंचन 19 मई को सुश्री गीतांजलि के निर्देशन में जाने-माने कलाकारों द्वारा किया जायेगा। इसी तरह 20 मई को निषादराज गुह्य लीला का मंचन श्री हिमांशु द्विवेदी के निर्देशन में होगा। इन लीलाओं के माध्यम से ग्वालियरवासी श्री रामचरित साहित्य में वर्णित इन महान वनवासी कलाकारों के जीवन चरित्र और समाज में प्रस्तुत किए गए उदाहरण से परिचित हो सकेंगे।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सार्वजनिक प्याऊ का किया शुभारंभ

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को जीडीए ऑफिस के पास वार्ड क्रमांक-32 में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष श्री आरके जैन, पूर्व पार्षद श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, श्री श्रीराम गुप्ता, श्री देवेन्द्र कुमार जैन, श्रीमती रंजना जैन, श्रीमती कल्पना जैन, श्रीमती संध्या जैन सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि किसी प्यासे को पानी पिलाने से बडा पुण्य का कार्य दूसरा नहीं है। आपके द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जीवन में हमेशा जरूरतमंद की मदद जरूर करें।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के प्रकरण तैयार कराने के लिये लोक सेवा केन्द्रों पर लगेंगे शिविर

ग्वालियर। स्वयं का उद्यम स्थापित करने के इच्छुक जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं के ऋष्ण अनुदान प्रकरण तैयार कराने के लिये विभिन्न लोक सेवा केन्द्रों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इस क?ी में 20 मई को ठाठीपुर स्थित लोक सेवा केन्द्र चंबल कॉलोनी और 23 मई को सैनिक पेट्रोल पंप के पास रेसकोर्स रोड स्थित लोक सेवा केन्द्र पर शिविर लगाए जायेंगे। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इन तिथियों में लोक सेवा केन्द्रों पर प्रात÷ 11 बजे से सायंकाल 6 बजे तक शिविर लगेंगे। इच्छुक युवक लोक सेवा केन्द्र के शिविर में पहुँचकर अपना उद्यम स्थापित करने के लिये ऋष्ण प्रकरण तैयार करा सकते हैं। ज्ञात हो मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत सरकार द्वारा युवाओं को स्वयं का व्यवसाय व उद्योग (विनिर्माण) स्थापित करने के लिये एक लाख से 50 लाख रूपए तक का ऋष्ण बैंकों के माध्यम से मुहैया कराया जाता है। कम से कम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष के युवा इस योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

### जूटा की बैठक में शिक्षकों के लंबित प्रमोशन पर हुई चर्चा



ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन(जूटा) की एग्जीक्यूटिव की बैठक बुधवार को जेयू के केंद्रीय ग्रन्थालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जेयू के शिक्षकों के करियर एडवांसमेंट के अंतर्गत कई सालों से लंबित प्रमोशन को जल्द करवाने के सम्बंध में बात हुई। साथ ही इस सम्बंध में माननीय कुलपति महोदय से भी आग्रह किया जाएगा। बैठक में जुटा के अध्यक्ष प्रो जेएन गौतम, सचिव डॉ नवनीत गरुड़ डॉ हरेंद्र शर्मा सहित जूटा के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### आप कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : तुलसी सिलावट

ग्वालियर। किसी भी दल की शक्ति उस दल के कार्यकर्तागण होते है और भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है। आने वाला समय हमारे लिए युद्ध का समय है जिसके लिए हम सभी को अपनी कमर कसनी है। जल्द ही नगरीय निकाय चुनाव आने वाला है। जिसके लिए हम सभी को डटकर तैयार रहना। उक्त उद्गार आज प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने एक निजी होटल में आयोजित वरिष्ठ श्रेणीबद्ध कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

# गर्मी के मौसम में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों को पेयजल की समस्या नहीं आना चाहिए



### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

ग्वालियर। गर्मी के मौसम में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को पेयजल की समस्या नहीं होना चाहिए। हर व्यक्ति को पर्याप्त एवं शुद्ध पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को प्रात÷ 8.30 बजे मुरार सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए।

सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में पेयजल, स्वास्थ्य, विद्युत, स्वच्छता के साथ-साथ ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, प्रभारी संभागीय आयुक्त श्री राजीव दुबे, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री इच्छित गड़पाले सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए हैं कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल वितरण व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 25 ङ्क 25 पेयजल के टैंकर रिजर्व में भी रखे जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में कठिनाई आ रही है वहाँ पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत पेयजल वितरण के लिये तैयार की गई टंकियों पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का फोटो भी लगाया जाए।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जल-जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि 438 गाँवों की जो डीपीआर तैयार हुई है उनका कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही शेष गाँवों की डीपीआर भी तत्परता से बनाई जाए। मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाईन बिछाने के बाद सड़कों के संधारण का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। बरसात के दौरान किसी भी गाँव में समस्या नहीं रहना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में हैंड पम्पों के संधारण का कार्य भी सर्वोच्च प्राथमिकता से कराया जाए। साडा क्षेत्र के जिन ग्रामों में पेयजल में समस्या है उसके स्थायी समाधान के लिये भी शीघ्र कार्रवाई की जाए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने यह भी निर्देशित किया है कि सभी अस्पतालों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और शाला भवनों में भी पेयजल की समस्या न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

### स्वच्छता को बनाएं जन आंदोलन

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने स्वच्छता अभियान की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाया जाए। समाज के सभी वर्गों को जोड़कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने का कार्य किया जाए। शहर के हर नागरिक के व्यवहार में स्वच्छता के लिये स्थान हो ऐसे प्रयास किए जाएं। शहर के प्रमुख स्थानों पर रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

### स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करें

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि सभी शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने की दिशा में कार्य किया जाए। संजीवनी क्लीनिक प्रभावी रूप से संचालित हों, इन पर विशेष ध्यान दिया जाए। शहर में 40 संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ हुए हैं उनका क्रियान्वयन बेहतर ढंग से शेष संजीवनी क्लीनिकों को भी शीघ्र प्रारंभ करने की दिशा में कार्य किया जाए।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने गूजरी महल संग्रहालय में किया 'प्राचीन वाद्ययंत्रों की नवीन दीर्घा' का शुभारंभ



ग्वालियर। अंतर्राष्टीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में गूजरी महल संग्रहालय किलागेट ग्वालियर पर प्राचीन वाद्ययंत्रों की नवीन दीर्घा का शुभारंभ प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमित सदस्य भाजपा श्री राकेश जादौन, उपसंचालक गूजरी महल संग्रहालय श्री पीसी महोबिया, असिस्टेंट इंजीनियर श्री संतोष कुमार नामदेव, श्री राघवेन्द्र तिवारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि हमारी पुरानी स्मृतियां संग्रहालय के माध्यम से आज भी जीवित हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर तानसेन तथा बैजू बाबरा जैसे महान संगीतकारों की धरती रही है। संगीत को बडावा मिले इसके लिये शासन स्तर पर आपको जहां मेरी आवश्यकता है, आप मुझे अवगत करायें।

उन्होंने कहा कि राजा मांनसिंह तोमर द्वारा इस महल में रानी मृगनयनी के लिये वाद्य गायन कक्ष का निर्माण कराया गया। जिसमें प्रसिद्ध ध्रुपद गायक बैजू बाबरा द्वारा रानी को संगीत की शिक्षा दी जाती थी। आज खुशी का दिन है कि इस प्राचीन बाद्ययंत्रो की दीर्घा का शुभारंभ करने का अवसर मिला।

# 2 -2 कमरों में चल रहे जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्धित महाविद्यालय

### प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के बावजूद भी नहीं हुए महाविद्यालयों के निरीक्षण

### कुलपति बोले जिस महाविद्यालय में गड़बड़ी पाई गई वहाँ के विद्यार्थियों को करेंगे अन्य महाविद्यालय में स्थानांतरित अभी छात्र लें प्रवेश

### जब अभाविप ने पूछा अब तक क्यों नहीं हुआ निरीक्षण तो कुलपति ने साधी चुप्पी

ग्वालियर। आज अभाविप ग्वालियर महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा विश्वविद्यालय का घेराव किया गया अभाविप ग्वालियर महानगर की सह मंत्री रितिका भदोरिया ने बताया कि अभाविप ने पिछले माह ज्ञापन दिया था जिसमें बताया था कि विश्वविद्यालय के डीसीडीसी विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष कॉलेजों का निरीक्षण कराया जाता है। किंतु इस वर्ष निरीक्षण नहीं कराया गया हैं। ऐसे कई कॉलेज विद्यार्थी परिषद के ध्यान में आते हैं जहां वांछनीय सुविधाएं नहीं है। जो किसी कॉलेज में अनिवार्य तौर पर होना चाहिए। डीसीडीसी हेड द्वारा निरीक्षण न कराया जाना अंडर टेबल कॉलेजों से डीसीडीसी विभाग द्वारा तालमेल होने की ओर इशारा करता है।

# अपहृत ने कर्ज चुकाने के लिये रची थी अपने ही अपहरण की झूठी कहानी, अपहृत ही निकला स्वयं के अपहरण का मास्टरमाईंड



ग्वालियर। फरियादी सुनील पुत्र स्व0 भागीरथ प्रजापति निवासी भितरवार ने दिनांक 17.05.2022 को थाना भितरवार आकर सूचना दी थी। कि सुबह 04.30 बजे रानीघाँटी के नीचे से कुछ लोग मेरे छोटे भाई को अगवा कर ले गये हैं व उसे छो?ने के बदले में दो लाख रूपये की फिरौती की माँग कर रहे हैं। उक्त सूचना पर से थाना बेलग?ा पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराते हुए फरियादी की सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 69/22 धारा 365 ताहि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा उक्त अपहरण की वारदात को गंभीरता से लेते हुए अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया एवं अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबेर को थाना बेलग?ा पुलिस व क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम बनाकर उक्त अपहरण की बारदात का खुलासा करते हुए अपहृत को सकुशल रिहा कराने के लिये निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी भितरवार श्री अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेलग?ा उनि0 शिशिर तिवारी एवं थाना प्रभारी करहिया उनि अजय सिकरवार के नेतृत्व में थाना बेलग?ा पुलिस व क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम बनाकर उक्त अपहरण के प्रकरण की पतारसी हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना तकनीकी टीम एवं मुखबिर सूचना द्वारा ज्ञात हुआ कि अपहृत के हुलिये के एक व्यक्ति को शिवपुरी जिले में नेशनल हाईवे के पास स्थित ढाबे पर देखा गया है, सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा अपहृत की फोटो को सतनवाडा से आगे हाईवे पर बने ढाबों पर मौजूद लोगों को दिखाकर उनसे जानकारी ली गई। सर्चिंग के दौरान पुलिस टीम को उक्त अपहृत बालाजी धाम के पास स्थित यादव ढाबे पर बैठा मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब कर उससे घटना के संबंध मे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि अपने कर्ज को चुकाने के लिये मैने स्वंय के अपहरण की यह साजिश रचकर अपने घरवालों से दो लाख रूपये की फिरौती की मांग की थी। इसके लिये मेरे द्वारा घरवालों से फोन पर रोने का नाटक भी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा उक्त अपहृत को दस्तयाब कर उसे उसके घरवालों के सुपुर्द किया गया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478